रोहतक
मंगलवार, 17 जून 2025
आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष,
षष्ठी वर्ष : 29, अंक : 137
पृष्ठ 14 मूल्य 3 .00

**मौसम**
अधि. 38.4
न्यून. 24.2

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



क्वालीफायर मारिया ने 37 साल की उम्र में जीता क्वींस क्लब का खिताब
7

ALLEN's result validated by
Official result validator
EY
Shape the future with confidence

## No Matter the Level of Exam
# ALLEN is the Clear Leader

**660** ALLENites out of 2207 in AIIMS-MBBS (2024)

**13** AIR-1 in last 16 years in pre-medical entrance

**37** Years of Legacy & Trust of more than 35 Lac Students

## Result: NEET UG 2025

AIR 4 Mrinal Kishore Jha — Classroom Course
AIR 7 Keshav Mittal — Classroom Course
AIR 8 Jha Bhavya Chirag — Classroom Course
AIR 10 Aarav Agrawal — Distance Learning
AIR 12 Aashi Singh — Classroom Course
AIR 13 Tanay — Classroom Course
AIR 15 Manvendra Singh Rajpurohit — Classroom Course
AIR 16 Rachit Sinha Chaudhuri — Online Test Series
AIR 21 Umaid Ahmed Khan — Classroom Course
AIR 22 Ruchir Gupta — Classroom Course

**10** Students in Top 25 AIR
**39** Students in Top 100 AIR

## NEET UG में लगातार श्रेष्ठता का नाम ALLEN चंडीगढ़, हिसार और रोहतक



PUNJAB TOPPER
AIR 7 — 680/720 — KESHAV MITTAL — Classroom Course
AIR 51 — 655/720 — TISHA JAIN — Classroom Course
AIR 97 — 646/720 — RUPESH GARG — Classroom Course

AIR 239 — 630/720 — Kyna Tomar — Classroom Course
AIR 248 — 630/720 — Priyam — Classroom Course
AIR 316 — 626/720 — Viren Bansal — Classroom Course
AIR 335 — 625/720 — Ashi Nain — Classroom Course
AIR 350 — 625/720 — Yashika — Classroom Course
AIR 397 — 622/720 — Nimar Kaur — Classroom Course
AIR 465 — 620/720 — Jiya — Classroom Course
AIR 476 — 620/720 — Kavya Garg — Classroom Course
AIR 530 — 618/720 — Divyanka — Classroom Course
AIR 559 — 617/720 — Sidhant Raina — Classroom Course
AIR 560 — 617/720 — Harshit — Classroom Course
AIR 596 — 615/720 — Mitansh Goyal — Classroom Course
AIR 755 — 611/720 — Arnav Garg — Classroom Course
AIR 825 — 609/720 — Arpit Gupta — Classroom Course
AIR 870 — 609/720 — Shivanshi Ahuja — Classroom Course
AIR 881 — 609/720 — Rouble Brar — Classroom Course

As per result compiled till 16 June 2025 (4:00 PM)

**3** Students in Top 100 AIR
**19** Students in Top 1000 AIR
**85** Students in Top 10000 AIR
**123** Students in Top 15000 AIR

## No Tamasha. No Dramebaazi. Bas Results

**ADMISSIONS OPEN**
NEET | JEE | Class 6th to 12th & 12th Pass
NEW BATCHES FROM 24 JUNE ONWARDS
For course start dates & direct admission visit website or nearest center.
Scan to register

**TALLENTEX 2026**
For Class 5th to 10th Students
Register now & avail early bird benefit, visit tallentex.com
Scholarships worth* ₹250 Crore
Cash Prizes* ₹2.5 Crore
*Subject to rules relating to Rewards, Cash Prizes and T&Cs.
Scan to register

Attention!
Get up to 90%* Scholarship based on NEET 2025 rank
*T&C Apply.

ALLEN
ROHTAK CENTERS :
Campus-1 : Kundu Plaza, Gali No. 2, Chhotu Ram Stadium, Sonipat Road, Rohtak
Campus-2 : Plot No. 945, 2nd Floor, Prakash Tower, Opp. Devi Lal Park, Vinay Nagar, Rohtak
89513 95601
97733 94097
allen.ac.in/rohtak
ALLEN Chandigarh : 8951395508, allen.ac.in/chandigarh
ALLEN Kota : 0744-3556677, allen.ac.in

Disclaimer: We provide an academic ecosystem and environment to prepare students for their target examinations. Studying at a coaching institute does not guarantee selection in the examination. Selection depends on preparation, available admission seats in the competitive exam, and the number of applicants appearing. All classroom and online students are part of full-time courses. All students mentioned are enrolled in paid programs.



# शांति के साथ समृद्धि और विकास की ओर बढ़ता बस्तर

**अब बस्तर एक संदेश है- संभावनाओं का, समावेश का और स्वाभिमान का**

## सरकार की सकारात्मक नीतियों से खुले कृषि, उद्योग, पर्यटन, शिक्षा और तकनीकी उन्नयन के नए रास्ते

घने जंगलों और प्राकृतिक संसाधनों से भरा-पूरा बस्तर वर्षों तक विकास से अछूता रहा। अपनी विशिष्ट जनजातीय संस्कृति और मनोरम प्राकृतिक दृश्यों के लिए अक्सर चर्चा में रहने वाले बस्तर को माओवादी हिंसा का दंश भी झेलना पड़ा, लेकिन अब यहां शांति के साथ विकास के एक नए युग की शुरुआत हो रही है। बस्तर द्रुत गति से प्रगति पथ की ओर बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अगुवाई में "विकसित बस्तर" का विजन धरातल पर उतरता दिख रहा है। यह एक समग्र रणनीति है, जिसमें कृषक, महिला, युवा उद्यमी और आदिवासी समुदायों के समावेशी विकास को प्राथमिकता दी गई है। 'नियद नेल्ला नार' जैसे कार्यक्रम के जरिए माओवाद प्रभावित गांवों में सरकारी सेवाओं और सुविधाओं की पहुंच सुनिश्चित की जा रही है साथ ही, युवाओं का कौशल उन्नयन कर उन्हें रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ा जा रहा है। कृषि में नवीनतम अनुप्रयोगों का दौर भी शुरू है। कृषकों को भरपूर सहायता दी जा रही है साथ ही सिंचाई परियोजनाओं के विस्तार हेतु व्यापक प्रयास किया जा रहा है। इन सम्मिलित प्रयासों से बस्तर अब सतत् आगे बढ़ रहा है और प्रगति के नए आयाम गढ़ रहा है।

"विकसित बस्तर केवल एक नारा नहीं, यह उस बदलाव की कहानी है जो बस्तर को एक आत्मनिर्भर, समावेशी और सशक्त क्षेत्र के रूप में स्थापित करेगा। यह पहल न सिर्फ वर्तमान को संवार रही है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी एक मजबूत नींव रख रही है। हमारा लक्ष्य केवल विकास नहीं, समावेशी विकास है। ऐसा विकास जिसमें बस्तर के हर किसान, महिला, युवा और आदिवासी भाई बहन की भागीदारी हो। विकसित बस्तर की यह योजना सिर्फ आर्थिक प्रगति नहीं, बल्कि सामाजिक सशक्तिकरण का माध्यम है। हमने ठाना है, कि बस्तर को वह पहचान दिलाई जाए जिसका वह वास्तव में हकदार है। आत्मनिर्भर, गौरवशाली और प्रगतिशील बस्तर। यह परिवर्तन कोई सपना नहीं, बल्कि धरातल पर उतरती हकीकत है।"

**-श्री विष्णु देव साय**
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

### बस्तर में उद्योगों की वर्तमान स्थिति

**690** MSME इकाइयां संचालित

लौह अयस्क के निर्यात से **102** करोड़ रुपये की वार्षिक आमदनी

प्रमुख कंपनियाँ: NMDC, Essar, ब्रज इस्पात, AMNS इंडिया





## सरकार के वह प्रयास, जिनसे बदल रही बस्तर की पहचान

### कौशल विकास और रोज़गार

- मुख्यमंत्री कौशल विकास, पीएम कौशल योजना और नियद नेल्ला नार जैसे कार्यक्रमों से युवाओं को प्रशिक्षण और रोजगार के अवसर
- 90,273 युवाओं को व्यावसायिक प्रशिक्षण
- 39.137 युवाओं को सीधे रोज़गार के अवसर
- 32 नए कौशल विकास केंद्रों की स्थापना
- आत्मनिर्भर समर्पण नीति 2025 के तहत आत्मसमर्पित माओवादियों में से 222 को रोजगार हेतु प्रशिक्षण



### संस्कृति और प्रकृति के साथ विकास

- बस्तर दशहरा को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने का प्रयास
- बस्तर पर्यटन सर्किट का विकास
- स्थानीय संस्कृति और परंपरा के प्रचार-प्रसार पर जोर
- स्थानीय युवाओं को टूरिस्ट गाइड प्रशिक्षण और रोजगार के अवसर
- तीरथगढ़ जलप्रपात पर ग्लास ब्रिज का निर्माण



**बस्तर में चहुंमुखी विकास**





### स्थानीय संसाधनों से समृद्धि

- औद्योगिक नीति 2024-30 के तहत बस्तर संभाग को विशेष प्रोत्साहन
- स्टील उद्योग को 15 वर्षों तक रॉयल्टी प्रतिपूर्ति
- आत्मसमर्पित नक्सलियों हेतु रोजगार अवसर और वेतन सब्सिडी
- ST/SC वर्गों को उद्योग स्थापना हेतु अतिरिक्त 10% सब्सिडी
- 28 विकासखंडों में रखा MSME, खनिज, कृषि, फूड प्रोसेसिंग, वनोपज और पर्यटन उद्योगों को विशेष बढ़ावा
- नई औद्योगिक नीति में आदिवासी और ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को विशेष प्राथमिकता
- बस्तर में बड़े उद्योगों की स्थापना की तैयारी
- घरेलू व लघु उद्योगों को भी बढ़ावा और क्षेत्रीय उत्पादों को बाज़ार से जोड़ना
- उद्योगों में 40% तक महिलाओं की सहभागिता का लक्ष्य

### किसानों की समृद्धि से बस्तर की खुशहाली

- जलवायु के अनुकूल मक्का और मिलेट्स उत्पादन के उत्पादन को प्रोत्साहन
- फसल विविधीकरण, जैविक खेती और सिंचाई का विस्तार
- किसानों की आय बढ़ाने के लिए खेती में आधुनिक तकनीकों का समावेश
- प्रोसेसिंग यूनिट और मार्केटिंग चैनल्स के जरिए कृषि उत्पादों का उचित मूल्य और बाज़ार उपलब्धता
- परंपरागत मोटे अनाजों को बढ़ावा देकर पोषण और आय दोनों बढ़ाना
- ऑर्गेनिक खेती को अंतरराष्ट्रीय बाज़ार से जोड़ने की दिशा में प्रयास
- मत्स्य पालन, बकरी पालन एवं शूकर पालन के लिए बजट में अतिरिक्त प्रावधान

### विगत डेढ़ वर्षों में...

- 64 नए फॉरवर्ड सुरक्षा कैंपों की स्थापना
- 325 गाँवों में 17 विभागों की 53 योजनाओंऔर 31 सुविधाओं से विकास
- 435 से अधिक माओवादियों को न्यूट्रलाइज किया, 1432 से अधिक ने किया आत्मसमर्पण
- हेलीकॉप्टर नाइट लैंडिंग सुविधा के लिए 68 हैलीपैड पूर्ण, 13 निर्माणाधीन
- 275 किलोमीटर नई सड़कों का निर्माण
- 25,044 आयुष्मान कार्ड बना
- 45,287 ग्रामीणों का आधार कार्ड बना
- 98,172 ग्रामीणों का राशन कार्ड बना
- 607 नए मोबाइल टावरों की स्थापना
- 50 स्कूलों का पुन: संचालन शुरु

### सिंचाई सुविधाओं के विस्तार की भावी योजना

## बोधघाट और इंद्रावती-महानदी इंटरलिंकिंग परियोजना

45 साल से अधर में लटकी बोधघाट परियोजना को लेकर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से चर्चा की है और जल्द ही इस पर फिर से काम शुरू होगा। इस परियोजना से बस्तर सहित आधे छत्तीसगढ़ में दोनों सीजन में कुल मिलाकर सात लाख हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी, साथ ही 125 मेगावॉट बिजली का उत्पादन होगा। इंद्रावती-महानदी लिंकिंग परियोजना से छत्तीसगढ़ के मैदानी इलाकों के किसानों को भी इसका लाभ मिलेगा। इंद्रावती नदी पर आधारित बोधघाट परियोजना का लक्ष्य दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर, कांकेर, नारायणपुर, राजनांदगांव, कवर्धा और मुंगेली जैसे जिलों में सिंचाई सुविधा प्रदान करना है। इसके अलावा, इससे हाइड्रो पावर के माध्यम से बिजली उत्पादन भी किया जाएगा।

### बस्तर का भविष्य: समृद्धि और विकास



**आत्मसमर्पित नक्सलियों को स्थायी आश्रय**
आत्मसमर्पित नक्सलियों और नक्सल पीड़ित परिवारों के लिए 15,000 प्रधानमंत्री आवासों की स्वीकृति

**बस्तर ओलंपिक 2024**
बस्तर के युवाओं को अपनी खेल प्रतिभा निखारने का मिला शानदार मौका

**मुख्यमंत्री सम्मान निधि**
बैगा, गुनिया और सिरहा को 5,000 रुपये की सालाना सम्मान निधि का लाभ

**अखरा निर्माण विकास योजना**
जनजातीय गांवों में खेल और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए नई योजना

**मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा ऋण ब्याज अनुदान योजना**
माओवाद प्रभावित जिलों के विद्यार्थियों को तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा के लिए ब्याज रहित ऋण व अन्य जिलों के विद्यार्थियों को 1% ब्याज दर पर ऋण

**वन अधिकार अधिनियम में बदलाव**
वन अधिकार पत्रधारकों के वारिसों को वन भूमि का हस्तांतरण मिलेगा



**सुशासन से समृद्धि की ओर...**

**मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से जुड़ने के लिए Q.R. Code स्कैन करें**

**पर्यटन विकास** | **सांस्कृतिक पहचान से समृद्धि की ओर**

## बस्तर दशहरा को अंतरराष्ट्रीय पहचान, पर्यटन सर्कल से खुलेंगे नए रास्ते

बस्तर दशहरा की अपनी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पहचान है, जिसे अब अंतरराष्ट्रीय मंच पर ले जाने की योजना बनाई गई है। यह न केवल पर्यटन को बढ़ावा देगा, बल्कि स्थानीय हस्तशिल्प, पारंपरिक व्यंजन और सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों को वैश्विक पहचान दिलाएगा। बस्तर पर्यटन सर्किट को विकसित करने, तीरथगढ़ जलप्रपात पर पारदर्शी पुल बनाने और स्थानीय युवाओं को पर्यटक गाइड के रूप में प्रशिक्षित करने की योजनाएं रोजगार, निवेश और सांस्कृतिक जागरूकता के तीनों पहलुओं को साधती हैं। बस्तर के धुड़मारास गांव को संयुक्त राष्ट्र संघ की तरफ से सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव के रूप में मान्यता मिलना इस बात का प्रमाण है। मुख्यमंत्री श्री साय के नेतृत्व में सरकार द्वारा बस्तर में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए होम स्टे, कैंपिंग और ईको पर्यटन की सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। बस्तर जिले



में कोसारटेडा सिंचाई जलाशय को अब ईको-टूरिज्म हब के रूप में विकसित किया जा रहा है। इससे यहां के महिला स्व-सहायता समूहों और ग्रामीण युवाओं को रोजगार का अवसर मिलेगा। चित्रकोट जलप्रपात क्षेत्र को भी अंतरराष्ट्रीय स्तर के पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की योजना पर काम चल रहा है।

### बस्तर पंडुम और बस्तर ओलंपिक

बस्तर में विकास के रास्ते बनाने के लिए सकारात्मक बेहद जरूरी है। युवाओं को खेल और सृजनात्मक गतिविधियों से जोड़कर उन्हें भरम और भटकाव के रास्ते से दूर रखना भी बेहद जरूरी है। इसी बात को समझते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की पहल पर 'बस्तर ओलंपिक' जैसे बड़े खेल महोत्सव का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस भव्य आयोजन में 1 लाख 65 हजार से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने अपनी भागीदारी दर्ज कराई। इसके साथ ही सांस्कृतिक गतिविधियों से जुड़े 'बस्तर पंडुम महोत्सव' का भी विगत दिनों गरिमामय आयोजन हुआ। महोत्सव में जनजातीय नृत्य, गीत, नाट्य और वाद्ययंत्र, पारंपरिक वेशभूषा, आभूषण, शिल्प-चित्रकला और जनजातीय व्यंजनों पर आधारित स्पर्धाएं और प्रदर्शनी का आयोजन हुआ, जिससे बस्तर की संपन्न जनजातीय संस्कृति से लोगों को रूबरू होने का मौका मिला। 47000 से अधिक स्थानीय कलाकारों ने इस महोत्सव में अपनी सहभागिता दर्ज कराई।




### अंदरुनी गांवों में 'नियद नेल्ला नार योजना' से समग्र विकास



बस्तर के माओवाद प्रभावित अंदरूनी इलाकों में 64 नए फॉरवर्ड सुरक्षा कैंपों की स्थापना की गई है। इन सुरक्षा कैंपों के इर्द-गिर्द बसे गांवों में अब बिजली, पानी, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाएं पहुंच रही हैं। 'नियद नेल्ला नार योजना' के तहत चिन्हित 146 ग्रामों में 18 सामुदायिक सेवाएं और 25 तरह की सरकारी योजनाएं एक साथ क्रियान्वित की जा रही हैं। ग्रामीणों को राशन कार्ड, आधार, पेंशन, स्वास्थ्य परीक्षण, स्कूल प्रवेश, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, उज्ज्वला गैस जैसी योजनाओं का दिया जा रहा है।

### कृषि में नवाचार का दौर

बस्तर की अर्थव्यवस्था का मूल आधार आज भी कृषि और वनों पर आधारित जीवनशैली है। यहां किसानों की आय को दोगुना करने के लिए कई प्रयास किए जा रहे हैं। इसमें कृषि उत्पादों की प्रोसेसिंग, ब्रांडिंग और मार्केटिंग पर विशेष ज़ोर है। मोटे अनाज जैसे कोदो, कुटकी और रागी को बढ़ावा देना 'मिलेट मिशन' का हिस्सा है, जो पोषण और आय दोनों में वृद्धि कर सकता है। इसके अलावा, कृषि यांत्रिकीकरण को बढ़ावा देने के लिए हर ब्लॉक स्तर पर कस्टम हायरिंग सेंटर स्थापित किए जा रहे हैं। यह कदम छोटे किसानों को आधुनिक संसाधनों से जोड़ने में मदद करेगा। ड्रोन दीदियों की मदद से फसलों पर दवा छिड़काव के साथ-साथ अन्य तकनीकी कृषि उपकरणों के प्रयोग से यहां के प्रगतिशील आदिवासी किसान उन्नत खेती की ओर अग्रसर हो रहे हैं।



### बेहतर भविष्य के लिए कौशल उन्नयन

बस्तर के युवाओं को अब तक या तो शहरी पलायन का विकल्प मिलता था या नक्सल संगठनों की ओर से बहकाने वाले रास्ते। "विकसित बस्तर" परिस्थिति को जड़ से बदलने का प्रयास है। इसमें 90 हजार युवाओं को कौशल प्रशिक्षण और 40 हजार युवाओं को रोजगार देने का लक्ष्य रखा गया है। 32 नए कौशल विकास केंद्रों की स्थापना से यह प्रयास ज़मीन पर आकार लेता दिख रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने नक्सल प्रभावित बस्तर के कांकेर और कोंडागांव जिलों में स्कूली बच्चों के लिए एक महत्वपूर्ण योजना की शुरुआत की है। इस योजना के तहत, बच्चों को रोबोटिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की शिक्षा दी जाएगी। यह पहल आदिवासी बच्चों के कौशल विकास को ध्यान में रखते हुए की गई है।



### नई नक्सली पुनर्वास नीति

आत्मसमर्पित नक्सलियों के लिए पुनर्वास नीति 2025 में रोजगार और पुनर्वास की ठोस व्यवस्था है। यह केवल कानून-व्यवस्था का समाधान नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता की ओर उठाया गया बड़ा कदम है। पुनर्वास की नई नीति के तहत आत्मसमर्पित नक्सलियों और हिंसा के पीड़ितों को 15,000 घर बनाकर दिए जाएंगे। कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा और 10,000 रुपए प्रति माह का वजीफा दिया जाएगा। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों के लिए पुनर्वास की ठोस नीति राज्य सरकार ने तैयार की है, जिससे उन्हें वापस समाज की मुख्य धारा में जुड़कर जीवन यापन करने में किसी भी तरह की दिक्कत ना हो। पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर राज्य में बड़ी संख्या में नक्सली, आत्म समर्पण के लिए आगे भी बढ़ रहे हैं।



### स्थानीय उद्यमियों के लिए सुनहरा अवसर

राज्य की नई औद्योगिक नीति के अंतर्गत बस्तर संभाग के स्थानीय युवाओं, महिला उद्यमियों और आत्मसमर्पित नक्सलियों को उद्यमिता की धारा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। नई नीति में इस क्षेत्र के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं, जैसे इस्पात उद्योगों को 15 वर्षों तक रॉयल्टी की प्रतिपूर्ति और आत्मसमर्पित नक्सलियों को नौकरी देने वाले संस्थानों को 5 वर्षों तक उनके वेतन का 40% सब्सिडी देना। यह कदम न केवल बस्तर की सामाजिक संरचना को सुदृढ़ करेगा, बल्कि निजी क्षेत्र को भी सामाजिक जिम्मेदारी निभाने की प्रेरणा देगा। नई औद्योगिक नीति में बस्तर क्षेत्र में लघु उद्योगों को प्रोत्साहन के साथ पर्यटन विकास के लिए भी व्यापक प्रावधान किये गए हैं।



रोहतक
मंगलवार, 17 जून 2025
आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष,
षष्ठी वर्ष : 29, अंक : 137
पृष्ठ 14 मूल्य 3 .00

**मौसम**
अधि. 38.4
न्यून. 24.2

# हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

### बाजार का हाल

| मार्केट | बंद | उछाल |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 81,796.15 | 677.55 ▲ |
| निफ्टी | 24,946.50 | 227.90 ▲ |
| **धातु** | **कीमत** | **गिरावट** |
| सोना | 1,01,370 /- | 170/- ▼ |
| चांदी | 1,07,100/- | 1000/- ▼ |
| (सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में) | | |
| **मुद्रा** | **प्रति डॉलर** | **ऊपर/नीचे** |
| रुपया | 86.03 | 8 पैसे ▲ |
| क्रूड ऑयल | 73.64/ बैरल | 0.79% ▼ |

*पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।*

## खबर संक्षेप

### हरियाणा मंत्री-परिषद की बैठक 26 जून को

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सैनी की अध्यक्षता में 26 जून को सुबह 11 बजे मंत्री-परिषद की बैठक हरियाणा सिविल सचिवालय चंडीगढ़ के चौथी मंजिल पर मुख्य सभा कक्ष में होगी। इस बैठक में भर्तियों और सीईटी के साथ साथ में अहम विषयों को लेकर चर्चा होगी। मुख्यमंत्री मंत्रिमंडल के साथियों के साथ विकास कार्यों के व अन्य अहम विषयों पर चर्चा करेंगे। ब्यूरो

### थोक मंहगाई मई में 14 माह के निचले स्तर पर

**नई दिल्ली।** खाद्य वस्तुओं, विनिर्मित उत्पादों और ईंधन की कीमतों में नरमी के बीच मई में थोक मुद्रास्फीति (डब्ल्यूपीआई) घटकर 14 माह के निचले स्तर 0.39% आ गई। विशेषज्ञों का कहना है वैश्विक स्तर पर तनाव के कारण कीमतें बढ़ सकती हैं। थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति अप्रैल में 0.85% और मई 2024 में 2.74% रही थी। उद्योग मंत्रालय ने एक बयान में यह जानकारी दी। भाषा

### एसबीआई ने ब्याज दरों में 0.5% की कटौती की

**नई दिल्ली।** देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने ब्याज दरों में 0.5% की कटौती की है, जिससे मौजूदा व नए उधारकर्ताओं दोनों के लिए ऋण सस्ता हो गया। आरबीआई के नीतिगत दर में 0.5 प्रतिशत की कटौती के बाद एसबीआई ने निर्णय लिया है। भाषा

# हरियाणवी मॉडल शीतल की गला रेतकर हत्या, नहर में फेंका शव

## ब्वॉयफ्रेंड सुनील गिरफ्तार, 14 जून से लापता थी, गर्दन पर कट के निशान

**पानीपत/खरखौदा (हरिभूमि न्यूज)।** मशहूर हरियाणवी मॉडल शीतल उर्फ सिम्मी चौधरी मूल निवासी गांव खलीला माजरा, हाल निवासी सतकरतार कॉलोनी, पानीपत की गला रेतकर हत्या कर दी गई। इसके बाद लाश को नहर में फेंक दिया गया। बताया जा रहा है कि वह दो दिन से लापता था। वह 14 जून को घर से एल्बम की शूटिंग के लिए निकली थी। इसके बाद गायब हो गई। सोमवार सुबह उसका शव सोनीपत में खरखौदा की रिलायंस नहर से बरामद हुआ। उसके हाथ और छाती पर बने टैटू से पहचान हुई। पुलिस ने इस मामले में शीतल के ब्वॉयफ्रेंड सुनील को अस्पताल से गिरफ्तार कर लिया है। शीतल की बहन नेहा ने शव की शिनाख्त की कहा कि शनिवार को उसने वीडियो कॉल की थी, जिसमें कहा कि उसका ब्वॉयफ्रेंड उसे पीट रहा है। वह उसे जबरन साथ ले जाने की कोशिश कर रहा है। इसके बाद कॉल कट गई। अब उसकी लाश मिली है। इससे पहले शीतल के ब्वॉयफ्रेंड सुनील की कार भी रविवार सुबह पानीपत में दिल्ली पैरलल नहर में पड़ी मिली थी, जिसमें से उसे लोगों ने निकाल लिया। हालांकि शीतल उस कार में नहीं थी। निजी अस्पताल में उपचाराधीन आरोपित सुनील को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।







### सुनील पर हत्या का शक

नेहा ने बताया कि शीतल शूटिंग के लिए गांव अहर की ओर गई थी, इसके बाद से उसका कोई सुराग नहीं है। नेहा की शिकायत पर थाना मतलौडा की उरलाना कलां पुलिस चौकी में शीतल की गुमशुदी का केस दर्ज है। पुलिस के शक है कि सुनील ने ही शीतल की हत्या कर शव को नहर में फेंका है और स्वयं कार को नहर में गिरा कर इस हत्याकांड को हादसे का रूप देने की चेष्टा की है।

### तलाकशुदा थी शीतल, एक बच्चा भी

शीतल का विवाह हो चुका था। उसका एक पुत्र भी है। निजी कारणों के चलते शीतल का अपने पति से तलाक हो चुका है और पुत्र पिता के साथ ही रहता है, जबकि शीतल अपने मायके में रह रही थी। इधर, पानीपत के गांव इसराना निवासी सुनील का करनाल के मॉडल टाउन में स्थित होटल सुकून है। इसमें शीतल काम करती थी। इस दौरान ही सुनील ने शीतल के साथ दोस्ती की थी। वहीं, सुनील ने शीतल से विवाह करने की बात कही। शीतल को सुनील के शादीशुदा होने की जानकारी मिली तो उसने सुनील से दूरी बनानी शुरू कर दी और होटल में काम करना बंद कर दिया।

### बहन ने लगाए मारपीट के आरोप

शीतल की बहन नेहा का आरोप है कि सुनील ने शीतल का पीछा नहीं छोड़ा और शूटिंग वाली जगह पहुंच कर मारपीट की। 14 जून की रात डेढ़ बजे शीतल ने उससे व्हाट्सएप पर वीडियो कॉल के माध्यम से बातचीत की थी। इस दौरान उसने बताया था कि वह काम से निकल रही है और घर आ रही है। सुनील यहां भी पहुंच गया है और उसने उसके साथ मारपीट भी की है। उसकी गर्दन पर चोट भी मारी है। वह उसे जबरन उसके साथ चलने के बारे में कह रहा है। शीतल ने कहा, थोड़ी देर में घर आऊंगी, फिर संपर्क टूट गया।

### कई बार दी थी शिकायत

पानीपत डीएसपी हेड क्वार्टर सतीश वत्स ने बताया कि शीतल ने सुनील के खिलाफ कई बार पहले भी पुलिस से शिकायत की है। वहीं दी गई शिकायतों का रिजल्ट क्या रहा, इसकी जानकारी जुटाई जा रही है। शीतल हत्याकांड में सुनील से पूछताछ की जा ही है।

### गले पर मिले तेज धार हथियार से वार के निशान

सोनीपत में शीतल उर्फ सिमी चौधरी का पोस्टमॉर्टम नहीं हो सका है। फोरेंसिक एक्सपर्ट सोनीपत में न होने के चलते शव को खानपुर भेज दिया गया है। इस मामले में पानीपत और सोनीपत दोनों जिलों की पुलिस जांच कर रही है। प्राथमिक जांच में गले पर किसी तेज धार हथियार के निशान नजर आ रहे हैं। पोस्टमॉर्टम की रिपोर्ट आने के बाद स्थिति ज्यादा साफ होगी। सोनीपत पुलिस ने बताया कि शुरूआती जांच में यह सामने आया कि शीतल आखिरी बार सुनील के साथ ही देखी गई थी। सुनील अस्पताल में है। इस बारे में पानीपत डीएसपी सतीश वत्स ने कहा कि मामले की जांच में सामने आया है कि आरोपी सुनील के खिलाफ कई बार शिकायतें दी जा चुकी हैं।

## चार दिन से हमले जारी, 224 ईरानियों की मौत

# इजराइल की एयर स्ट्राइक, सेंट्रल ईरान में मिसाइल लॉन्चर से लदे ट्रक उड़ाए

**तेहरान/तेल अवीव/नई दिल्ली। (भाषा/ब्यूरो)** इजराइल और ईरान के बीच लगातार चौथे दिन संघर्ष जारी है। इजराइल ने सोमवार शाम को सेंट्रल ईरान पर फिर से एयरस्ट्राइक की। बताया जा रहा है कि इजराइल ने मिसाइल लॉन्चर्स से लदे ट्रक उड़ा दिए। इससे ईरान को भारी नुकसान पहुंचा है। 4 दिनों में 224 ईरानियों की मौत हो चुकी है। इजराइल डिफेंस फोर्स (आईडीएफ ) ने एक्स पर ईरान पर हमले का एक वीडियो जारी किया। कैप्शन में बताया कि आज सुबह से इजराइली एयरफोर्स ने मिसाइल लान्चर्स से लदे कई ट्रकों को निशाना बनाया, जो तेहरान की तरफ जा रहे थे।

■ ईरान के हमले 24 इजराइली मारे गए, 600 घायल



तेहरान में न्यूज चैनल की बिल्डिंग पर बम गिराए
■ लाइव शो कर रही एंकर बाल-बाल बची
■ आईडीएफ ने हमले का वीडियो जारी किया

### विदेश मंत्रालय पर भी हमला

इससे पहले इजराइल ने रविवार रात ईरान के विदेश मंत्रालय पर हमला किया था। इसमें 100 से ज्यादा लोग घायल हो गए। 14 जून को इजराइली सेना ने ईरानी रक्षा मंत्रालय पर भी हमला किया था। चार दिनों के दौरान ईरान में 224 लोग इजराइली हमलों से मारे गए हैं। 1,277 से ज्यादा घायल हैं। अमेरिका में स्थित ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट्स ग्रुप ने ईरान में 406 लोगों की मौत का दावा किया है।

### आर्मेनिया के रास्ते लौटेंगे 1500 भारतीय विद्यार्थी

ईरान ने विदेशी नागरिकों को देश छोड़ने की इजाजत दे दी है। भारत ने अपने छात्रों को निकालने के लिए ईरान में आर्मेनिया के राजदूत से बात की है। छात्रों को आर्मेनिया बॉर्डर पर नॉरदुज चौकी से बसों से निकाला जाएगा। ईरान में 1,500 छात्रों सहित लगभग 10,000 भारतीय फंसे हैं। ईरानी विदेश मंत्रालय ने कहा, देश के एयरपोर्ट भले ही बंद हैं, लेकिन लैंड बॉर्डर्स खुले हुए हैं।

#### 16वीं जनगणना के लिए अधिसूचना जारी

## पहले चरण में अक्टूबर 2026 से चार राज्यों में जनगणना

**नई दिल्ली (भाषा)।** साल 2011 में हुई पिछली जनगणना के 16 साल बाद सरकार ने भारत की 16वीं जनगणना 2027 में कराने के लिए सोमवार को अधिसूचना जारी की जिसमें जाति गणना भी शामिल होगी। लद्दाख जैसे बर्फीले क्षेत्रों में जनगणना एक अक्टूबर 2026 की संदर्भ तिथि तथा देश के बाकी हिस्सों में एक मार्च 2027 की संदर्भ तिथि से की जाएगी। जनगणना के लिए केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख और जम्मू- कश्मीर, हिमाचल प्रदेश व उत्तराखंड में पहले चरण में जनगणना होगी।

दूसरे चरण की जनगणना 1 मार्च 2027 से शुरू होगी

#### अहमदाबाद विमान हादसा

## डीएनए से 119 शवों की पहचान हुई, 64 शव परिजनों को सौंपे

**अहमदाबाद (भाषा)।** अहमदाबाद में एअर इंडिया के विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की घटना के चार दिन बाद, अब तक डीएनए मिलान के माध्यम से 119 मृतकों की पहचान कर ली गई है और गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी समेत 64 लोगों के शव उनके परिजनों को सौंप दिये गए हैं। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। इस हादसे में 270 लोगों की मौत हो गई। रूपाणी का राजकोट के रामनाथ परा में अंतिम संस्कार किया जाएगा। इससे पहले 21 बंदूकों की सलामी दी गई।

पूर्व सीएम रूपाणी का संस्कार राजकीय सम्मान के साथ हुआ

### हिसार में ट्राले से टकराई कार

# रणदीप सुरजेवाला के चचेरे भाई समेत चार की गई जान

**हिसार/बरवाला (हरिभूमि न्यूज)।** बरवाला में हिसार बाइपास गुराना रोड के पास हुए दर्दनाक सड़क हादसे में कांग्रेस नेता एवं राज्यसभा सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला के चचेरे भाई समेत 4 लोगों की मौत हो गई। रणदीप के चचेरे भाई नरवाना निवासी महावीर सिंह(65), उनकी पत्नी रोशनी देवी(60) गांव सुरजाखेड़ा निवासी भतीजा संदीप (40) और सुरजाखेड़ा के ही सुनील कुमार (30) की मौके पर ही मौत हो गई। एएसआई विरेंद्र सिंह ने बताया कि महावीर को स्वास्थ्य सम्बधी दिक्कत थी और उन्हें दवाई दिलाने के लिए सोमवार को हिसार ले जाया गया था। सुबह संदीप अपने ताऊ महावीर सिंह, ताई रोशनी और गांव के ही एक युवक सुनील कुमार को साथ लेकर कार में हिसार के एक निजी अस्पताल में गए थे। दोपहर बाद सभी लोग वापस गांव सुरजखेड़ा तहसील नरवाना लौट रहे थे।



### ऐसे हुआ हादसा

जैसे ही गाड़ी बरवाला बाइपास गुराना रोड के पास पहुंची, अचानक उसका एक टायर फट गया। टायर फटने से गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क के दूसरी ओर जा पहुंची और सामने से आ रहे एक ट्राले से उसकी आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार ट्राले के नीचे घुस गई और कार के परखच्चे उड़ गए तथा चारों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

### क्रेन की मदद से निकाले फंसे शव

बरवाला थाना प्रभारी दलबीर पूनिया टीम के साथ मौके पर पहुंचे और क्रेन की मदद से कार में फंसे शवों को बाहर निकालकर अस्पताल भिजवाया। बरवाला पुलिस हादसे की जांच में जुटी है। प्रारंभिक जांच में टायर फटने को हादसे का मुख्य कारण माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार 40 वर्षीय संदीप हरियाणा रोडवेज में परिचालक के पद पर कार्यरत थे। उनके पिताजी की पहले मौत हो चुकी है। अपने ताऊ और ताई की वही सेवा करता था और परिवार में सबका लाडला था।

# एमपी में मानसून की एंट्री हरियाणा के चार जिलों में वर्षा, यूपी में 34 की मौत

**नई दिल्ली/चंडीगढ़ (हरिभूमि न्यूज)।** मानसून ने मध्य प्रदेश में प्रवेश कर लिया है। बड़वानी, खरगोन, खंडवा और बुरहानपुर के रास्ते मानसून राज्य में पहुंच गया है। कई जिलों में अच्छी बारिश हो रही है। वहीं, राजस्थान, बिहार, महाराष्ट्र समेत 16 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। राजस्थान के 11 जिलों और महाराष्ट्र के मुंबई, ठाणे, पालघर और रायगढ़ में भारी बारिश का ऑरेंज-रेड अलर्ट है। हरियाणा के भी 4 जिलों में बारिश हुई और तेज हवा चली, इसके कारण लोगों को भीषण गर्मी से कुछ राहत मिली है। उधर, यूपी में भी बारिश का दौर शुरू हो गया है। 62 जिलों में अलर्ट है। राज्य में पिछले 48 घंटे में बिजली गिरने की घटनाओं में 34 लोगों की जान गई है। हरियाणा के हिसार में तेज बारिश हुई, फतेहाबाद में बूंदाबांदी हुई। सुबह पानीपत और सोनीपत में बारिश हुई। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि मौसम विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ ने कहा कि पश्चिम विक्षोभ सक्रिय हुआ है। इसके कारण 19 जून तक हरियाणा का मौसम इसी प्रकार बना रह सकता है।

आज 16 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट जारी
● प्रदेश के कई जिलों में आसमानी बिजली गिरने और आंधी का अलर्ट
● अगले चार दिन तक बारिश के आसार

### हिमाचल में हरियाणा के टूरिस्टों का ट्रेवलर पलटा, दो की मौत

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के लाहौल स्पीति में सोमवार शाम को सोनीपत के नंबर का एक टैम्पो ट्रेवलर पलट गया, इसमें दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक की हालत गंभीर बनी हुई है। टैम्पो ट्रेवलर में 24 लोग सवार थे। इनमें हरियाणा, दिल्ली और गुजरात के टूरिस्ट थे। कोकसर-रोहतांग सड़क पर यह ट्रेवलर करीब 200 फीट नीचे गहरी खाई में गिर गया।




**विदेश दौरा** प्रधानमंत्री बोले-यह सम्मान 140 करोड़ भारतीयों को करता हूं समर्पित

*निकोस ने पीएम को ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ मकारियोस तृतीय से सम्मानित किया*

# साइप्रस ने मोदी को सर्वोच्च सम्मान से नवाजा, दोनों देशों के बीच कई करार

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सोमवार को साइप्रस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ मकारियोस तृतीय' से सम्मानित किया गया। प्रधानमंत्री ने पुरस्कार प्राप्त करने के बाद कहा, यह सम्मान प्राप्त करके मैं बहुत कृतज्ञ हूं। मैं इसे हमारे देशों के बीच की मित्रता को समर्पित करता हूं।' साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस ने मोदी को सम्मानित किया।इस सम्मान का नाम साइप्रस के पहले राष्ट्रपति आर्चबिशप मकारियोस तृतीय के नाम पर रखा गया है। वहीं दोनों देशों के बीच कई अहम समझौते भी हुए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने 140 करोड़ भारतीयों को यह सम्मान समर्पित करते हुए कहा कि यह भारत-साइप्रस की भरोसेमंद दोस्ती का सम्मान है।

*(पेज 8 भी देखें)*



**इन समझौतों पर हस्ताक्षर :** साइप्रस व भारत के बीच महत्वपूर्ण समझौते पर हस्ताक्षर हुए हैं। इनमें एनएसई इंटरनेशनल एक्सचेंज (गिफ्ट सिटी, गुजरात) और साइप्रस स्टॉक एक्सचेंज के बीच सहयोग स्थापित होगा। यह यूरोप और भारत के बीच ऐसा पहला वित्तीय सहयोग है। भारतीय कंपनियां साइप्रस को यूरोप के लिए एक प्रवेश द्वार के रूप में देखती हैं, खासकर आईटी, पर्यटन और वित्तीय सेवाओं के क्षेत्र में। वहीं, भारत–ग्रीस–साइप्रस ने मिलकर एक त्रिपक्षीय व्यापार एवं निवेश परिषद (आईजीसी) की स्थापना की घोषणा की है। जिससे शिपिंग, ग्रीन एनर्जी, एविएशन और डिजिटल सेवाओं जैसे क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा मिलेगा।

**अब तक मिल चुके 23 अंतरराष्ट्रीय सम्मान :** साइप्रस के इस सम्मान के साथ ही प्रधानमंत्री को प्राप्त अंतरराष्ट्रीय सम्मानों की कुल संख्या 23 हो गई है। विदेश मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि मोदी ने कहा कि यह सम्मान भारत के सदियों पुराने दर्शन वसुधैव कुटुम्बकम को मान्यता देता है, जो वैश्विक शांति और प्रगति के लिए इसके दृष्टिकोण को निर्देशित करता है। प्रधानमंत्री ने इस सम्मान को भारत और साइप्रस के बीच साझेदारी को मजबूत करने और विविधता लाने की नई प्रतिबद्धता के रूप में स्वीकार किया।

## मुख्यमंत्री ने की 100 करोड़ से अधिक की प्रमुख सिंचाई और जल संसाधन परियोजनाओं की समीक्षा

**प्रदेश में पांच प्रमुख परियोजनाओं पर चल रहा कार्य जल संरक्षण व सिंचाई दक्षता में होगा सुधार**

# मुख्यमंत्री के सख्त निर्देश, परियोजनाओं की इंजीनियरिंग ड्राइंग में अनावश्यक देरी न हो



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि राज्य सरकार सिंचाई और जल ढांचे को मजबूत करने के लिए दृढ़ एवं ठोस कदम उठा रही है, इसके तहत सिंचाई और जल संसाधन विभाग के तहत पांच प्रमुख परियोजनाएं क्रियान्वित हो रही हैं, जिनमें से प्रत्येक में 100 करोड़ से अधिक का निवेश किया गया है। इन परियोजनाओं का उद्देश्य जल संरक्षण को बढ़ाना, सिंचाई दक्षता में सुधार करना शामिल है। मुख्यमंत्री यहां सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग की विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि परियोजनाओं की इंजीनियरिंग ड्राइंग में अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए। ड्राइंग के अनुमोदन में देरी के चलते परियोजनाओं के क्रियान्वयन में विलंब होता है। इस मौके पर वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

■ परियोजनाओं में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश

### डब्ल्यूजेसी के आधुनिकीकरण चल रहा

मुख्यमंत्री ने कहा कि दादूपुर से हमीदा हेड तक नई समानांतर लाइन चैनल (पीएलसी) और डब्ल्यूजेसी का आधुनिकीकरण 274.87 करोड़ रुपये के साथ किया जा रहा है। इस परियोजना का लक्ष्य गैर-मानसून अवधि के दौरान हथिनीकुंड बैराज से होने वाले रिसाव के नुकसान को कम करना है। अब तक 64.5 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। परियोजना को मार्च, 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि डब्ल्यूजेसी बांध (75.25 किमी) तक ऑग्मेंटेशन नहर का पुनर्निर्माण 383 करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा है। उन्होंने अन्य परियोजनाओं की भी समीक्षा की।

**मुख्यमंत्री बोले**

## 'वन नेशन, वन इलेक्शन' से लोकतंत्र को मिलेगा नया आयाम

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि 'वन नेशन, वन इलेक्शन' (एक राष्ट्र, एक चुनाव) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक भारत, श्रेष्ठ भारत की दूरदर्शी सोच का हिस्सा है। यह सिर्फ एक नारा नहीं, बल्कि एक सशक्त और समन्वित लोकतंत्र की दिशा में राष्ट्रीय दृष्टिकोण है। हरियाणा सरकार इस पहल का सैद्धांतिक समर्थन करती है और इसके प्रभावी क्रियान्वयन से देश को बहुआयामी लाभ मिलेंगे। मुख्यमंत्री न्यू चंडीगढ़ में आयोजित संयुक्त संसदीय समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। यह संयुक्त संसदीय समिति संविधान (129वां) संशोधन विधेयक, 2024 और संघ राज्य क्षेत्र कानून (संशोधन) विधेयक, 2024 पर अध्ययन दौरे पर है। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष सांसद पी.पी. चौधरी सहित कई अन्य सदस्य उपस्थित थे। नायब सिंह सैनी ने कहा कि 'वन नेशन, वन इलेक्शन' लागू होने से लोकतंत्र में बड़ा सुधार होने वाला है। उन्होंने कहा कि बार-बार चुनाव कराए जाने से विकास कार्य बाधित होते हैं।

■ मुख्यमंत्री ने संयुक्त संसदीय समिति की बैठक को संबोधित किया

## पोल्ट्री उद्योग के लिए हरियाणा देश का सबसे उपयुक्त राज्य : मुख्यमंत्री



चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि पोल्ट्री उद्योग भारत के कृषि क्षेत्र का एक अत्यंत महत्वपूर्ण और तीव्र गति से विकसित होने वाला व्यवसाय है। कम निवेश, सीमित भूमि और सीमित संसाधनों के बावजूद यह व्यवसाय अधिक आय का अवसर प्रदान करता है। साथ ही यह उद्योग प्रोटीन युक्त भोजन की पूर्ति करता है और लाखों लोगों के लिए आजीविका का साधन भी बन रहा है। यह बात हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज अपने निवास पर भारतीय पोल्ट्री फेडरेशन के सदस्यों के साथ एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। बैठक में शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा, भारतीय पोल्ट्री फेडरेशन के अध्यक्ष रणपाल ढांडा, उपाध्यक्ष संजीव गुप्ता, पोल्ट्री विशेषज्ञ तथा पोल्ट्री व्यवसाय से जुड़े किसान मौजूद रहे मुख्यमंत्री ने कहा कि पोल्ट्री उत्पादों की समयबद्ध आपूर्ति के लिए बेहतर कनेक्टिविटी, सुदृढ़ लॉजिस्टिक्स व कोल्ड चेन नेटवर्क की आवश्यकता होती है।

■ पोल्ट्री उद्योग के नियमों का किया जाएगा सरलीकरण

## स्वास्थ्य मंत्री राव और उनके स्टाफ ने बनवाए आभा कार्ड



चंडीगढ़। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू की गई आयुष्मान भारत योजना के तहत आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन को आगे बढ़ाने के लिए हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने अपना और अपने स्टाफ का आभा कार्ड बनवाया। इस दौरान उन्होंने आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के कार्यों की समीक्षा भी की। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) एक परिवर्तनकारी पहल है जिसका उद्देश्य एक सहज और अंतर संचालन (इंटरऑपरेबल) योग्य डिजिटल स्वास्थ्य पारिस्थितिकी तंत्र बनाकर भारत के स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र को डिजिटल बनाना है। इसका उद्देश्य स्वास्थ्य देखभाल प्रक्रियाओं के डिजिटलीकरण को बढ़ावा देना और अंतर-संचालनीय डिजिटल स्वास्थ्य प्रणालियों का उपयोग करके विभिन्न हितधारकों के बीच निर्बाध डेटा साझाकरण को सक्षम बनाना है।

■ आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत राज्य में 1.63 करोड़ आभा कार्ड बनाए गए

### आयुष औषधि सूची प्रबंधन प्रणाली का हुआ शुभारंभ

चंडीगढ़। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता और प्रबंधन दक्षता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। सरकार ने औपचारिक रूप से 'आयुष औषधि सूची प्रबंधन प्रणाली' का शुभारंभ किया है। यह अत्याधुनिक पोर्टल डिजिटल माध्यम से पूरे राज्य में आयुष औषधियों के वितरण से संबंधित सभी गतिविधियों को ट्रैक और मॉनिटर करने में सक्षम होगा। इस प्रणाली को लॉन्च करने का उद्देश्य आम जनता को गुणवत्तापूर्ण, समय पर और पारदर्शी आयुष दवाएं उपलब्ध कराना है।

**खबर संक्षेप**

### प्रदेश में तेजी से बढ़ रहे अपराध : सुशील गुप्ता

पंचकूला। आम आदमी पार्टी हरियाणा प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक आप नेता राजीव मनोचा के कार्यालय एससीओ 73 सेक्टर 20,अनाज मंडी पंचकूला में हुई। आप पार्टी हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष डॉ सुशील गुप्ता ने बैठक में प्रदेश के प्रमुख मुद्दों पर गंभीर चर्चा के बाद तीन अहम राजनीतिक प्रस्ताव पारित किए गए। प्रदेश में दिन-प्रतिदिन बढ़ती अपराधिक घटनाएं, डकैती, हत्या, लूट, छेड़छाड़ और साइबर अपराधों ने जनता में भय का माहौल पैदा कर दिया है। दो अन्य प्रस्ताव भी पास किए गए।

### बिजली शिकायतों पर सुनवाई आज

चंडीगढ़। उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम (यूएचबीवीएन) उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली की आपूर्ति उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए निगम द्वारा अनेक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। यूएचबीवीएन सर्कल फोरम पंचकूला के उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच के चेयरमैन एवं सदस्य मंच की कार्यवाही 17 जून को सुबह 11.30 बजे से अधीक्षण अभियंता, पंचकूला के कार्यालय पंचकूला में की जाएगी।

### युवाओं को जेजेपी के साथ जोड़ेंगे : दिग्विजय

चंडीगढ़। युवाओं को जननायक जनता पार्टी से जोड़ने के लिए जेजेपी के युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला प्रदेशभर का दौरा करेंगे। दिग्विजय चौटाला सभी 22 जिलों और 90 विधानसभा क्षेत्रों में 'युवा जोड़ो अभियान' कार्यक्रम करेंगे। दिग्विजय 18 जून को कैथल से इस बड़े अभियान का शुभारंभ करेंगे। जजपा युवा अध्यक्ष दिग्विजय चौटाला 21 जून को अंबाला और 22 जून को पानीपत में यह कार्यक्रम करेंगे। अभियान के तहत चौटाला प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में जाएंगे और 31 जुलाई तक चलने वाले पार्टी सदस्यता अभियान के तहत युवाओं से संवाद करेंगे।

## छात्रों पर हमला बर्दाश्त नहीं वीसी की जवाबदेही तय हो



■ पूर्व सीएम बोले, जायज मांगों को लेकर शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहे थे छात्र

चंडीगढ़। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा ने कहा है कि जिस तरह जायज मांगों को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्रों पर लाठियां बरसाई गईं, वह नाकाबिले बर्दाश्त है। इस पूरे मामले में लाठी बरसाने वाले स्टाफ के साथ-साथ वाइस चांसलर की भी जवाबदेही तय होनी चाहिए। हुड्डा ने कहा कि छात्रवृत्ति कटौती के विरोध में शांतिपूर्ण धरना दे रहे छात्रों की मांगों को कांग्रेस पूर्ण समर्थन देती है। अपनी मांगों के लिए आवाज उठाना छात्रों का अधिकार है। ऐसे में उनपर जानलेवा हमला करना पूरी तरह आपराधिक कार्रवाई है। कानून के मुताबिक सिर पर वार को जानलेवा हमला माना जाता है और एफआईआर भी उसी धारा में दर्ज होती है। इसलिए छात्रों के हमला करने और करवाने वाले दोनों को सजा भुगतनी पड़ेगी। भूपेंद्र हुड्डा ने कहा कि छात्रों ने अभी तक पूरी तरह शांति और अनुशासन का परिचय दिया है।

## अपराधियों के सामने घुटने टेकती दिख रही सरकार



■ गैंगस्टरों की धमकी के कारण ठेके लेने के लिए आगे नहीं आ रहे व्यापारी

चंडीगढ़। सिरसा सांसद सैलजा ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा चुकी है, लोग दहशत में है, हर वर्ग स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रहा है, गैंगस्टर सरेआम फायरिंग कर दहशत फैला रहे है, ऐसा लग रहा है कि सरकार ने अपराधियों के सामने घुटने टेक दिए है। हालात ये है कि 12 जिलों में 300 शराब की बोली गैंगस्टर्स की धमकी के चलते नहीं हो पा रही है, धमकी के चलते कोई भी शराब कारोबारी बोली लगाने के लिए आगे नहीं आ रहा है। दूसरी ओर बढ़ते अपराध की जड़ में नशा एक प्रमुख कारण है जिसे खत्म करने दिशा में केवल सरकार बयानबाजी तक सीमित है, गली गली में नशा बिक रहा है जिससे साफ लगता है कि प्रदेश की पुलिस कितनी चौकस है।सैलजा ने कहा कि प्रदेश में कानून नाम की कोई चीज दिखाई नहीं आ रही है अगर जिला में अपराधियों का बोलबाला है, किसी न किसी जिला में हर रोज हत्याएं हो रही है।

## प्रदेश में पंचायत उपचुनाव में 73.25 फीसदी हुआ मतदान

■ किसी भी पंचायती राज संस्थान का चुनाव आयोग के पास लंबित नहीं : धनपत

चंडीगढ़। हरियाणा राज्य चुनाव आयुक्त धनपत सिंह ने कहा है कि 15 जून को पंचायतों के उपचुनाव व कुछ पंचायतें जो नगरपालिका से पुनः पंचायत बनी हैं के आम चुनाव को सम्पन्न करवाने उपरांत अब राज्य चुनाव आयोग के पास किसी भी पंचायत का चुनाव लंबित नहीं है। इसके अलावा, कालांवाली, सिरसा के लिए आम चुनाव के लिए मतदान 29 जून, 2025 को होना है। उसके लिए आज नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि थी। मतदान गणना 30 जून को होगी इसके साथ ही किसी भी स्थानीय निकाय के लिए होने वाले चुनाव आयोग के पास लंबित नहीं है। कालांवाली नगर पालिका में 17 वार्डों के लिए चुनाव होना है। धनपत सिंह आज 15 जून को हुए पंचायतों के हुए उपचुनाव के बाद अपने कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उपचुनाव का प्रतिशत गर्मी के बावजूद भी 73.25 प्रतिशत रहा जो दर्शाता है कि लोगों की पंचायती चुनाव में काफी दिलचस्पी है। उन्होंने बताया कि कोर्ट स्टे को छोड़कर किन्हीं कारणों से हुए उपचुनाव प्रदेश भर में शांतिपूर्व संपन्न हो गए।


### वाहन किराये पर लेने हेतु (अल्पावधि निविदा)

महिला एवं बाल विकास विभाग हरियाणा के अन्तर्गत जिला भिवानी में कार्यरत महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी, **भिवानी-ग्रामीण-1 व भिवानी-शहरी** परियोजना के विभागीय कार्य को सुचारू रूप से चलाने के लिए वाहन अधिकतम 2000 किलोमीटर मासिक अनुबन्ध आधार पर लेने के लिए इन्छुक वाहन धारकों से निम्न प्रोफार्मा में आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। अतः वाहन धारकों से अनुरोध है कि वे परियोजना अनुसार कुटेशन मासिक आधार पर अधिकतम 2000 किलोमीटर पूर्ण विवरण सहित निम्न प्रोफार्मानुसार सीलड लिफाफा में दिनांक 25-06-2025 को प्रातः 11.00 बजे तक टैण्डर राशि 10,000/- रूपये (दस हजार रूपये) के डिमाण्ड ड्राफ्ट सहित जिला कार्यकम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास, भिवानी (विकास सदन, प्रथम तल नजदीक पंचायत भवन भिवानी) के पास जमा करवायें तथा ये कुटेशन / निविदायें दिनांक 25-06-2025 को दोपहर बाद 2.00 बजे अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय में खोली जायेंगी। डिमाण्ड ड्राफ्ट जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास, भिवानी के नाम बना होना चाहिए। नकद राशि व चैक स्वीकार्य नहीं होंगें।

**प्रोफार्मा**

| क्र. सं. | परियोजना का नाम जिसमें गाडी लगाई जानी है। | वाहन मालिक का नाम | चालक का नाम | वाहन का नाम | गाड़ी नम्बर | मॉडल | 2000 कि.मी. के लिए मासिक रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |

**विभाग द्वारा जारी आवश्यक नियम व शर्तें :-**

1- इस कार्य के लिए विभाग द्वारा गठित 3 अधिकारियों की कमेटी द्वारा कुटेशन प्राप्त / टैण्डर करके न्यूनतम रेट पर वाहन किराये पर लेने के लिए कार्यवाही की जाएगी।
2- किराए पर लिये जाने वाले वाहन का आर०सी०, बीमा व प्रदुषण प्रमाण पत्र आदि कागजात पूर्ण होने चाहियें।
3- अधिकारी का पद रिक्त होने पर परियोजना में लगे किराए के वाहन को तुरन्त हटा दिया / सरेन्डर किया जायेगा।
4- अनुबंध बिना कोई कारण बताये रदद् किया जा सकता है।
5- वाहन कार्यालय में लगते ही लाग-बुक लगानी होगी।

**नोटः-** अनुबन्ध की अन्य शर्ते टैण्डर फार्म में दर्शाई गई हैं। टैण्डर प्रोफार्मा जिसमें अनुबन्ध की सभी नियम व शर्तें लिखी गई हैं, जिला कार्यक्रम अधिकारी भिवानी के कार्यालय से प्राप्त करके आवेदन करें तथा अन्य किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए इस कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस को सम्पर्क कर सकते हैं।

हस्ता/-जिला कार्यकम अधिकारी
महिला एवं बाल विकास,
भिवानी।

पीआरडीएच-1128/11/529/2026/35672/88/6 दि. 16.06.25


# महापौर शहरों के विकास के सारथी

## सीएम ने अखिल भारतीय महापौर कार्यकारी परिषद की बैठक को संबोधित किया




चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि महापौर अपने-अपने शहरों के प्रथम नागरिक होने के साथ-साथ वहां के विकास और प्रगति के प्रत्यक्ष सारथी भी हैं। उन्होंने कहा कि महापौर सरकार की नीतियों और योजनाओं को धरातल पर उतारते हैं, नागरिकों की आकांक्षाओं को समझते हैं और उनकी समस्याओं का समाधान करते हैं। स्थानीय स्वशासन की परिकल्पना में महापौर रीढ़ के समान हैं। मुख्यमंत्री सैनी सोमवार को पंचकूला में आयोजित अखिल भारतीय महापौर कार्यकारी परिषद की 115वीं बैठक को संबोधित कर रहे थे। शहर आर्थिक विकास के इंजन और नवाचार के केंद्र मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में महापौर जनता द्वारा सीधे चुने जाते हैं और उनके पास कार्यकारी शक्तियां होती हैं। यह व्यवस्था नागरिकों और जनप्रतिनिधियों के बीच मजबूत सेतु बनाती है, जिससे विकास को गति मिलती है।

### शहरों के विकास पर ध्यान दें : दत्तात्रेय



पंचकूला। हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने ऑल इंडिया मेयर कॉन्फ्रेंस में भाग लेने आए देशभर के मेयर्स के साथ मुलाकात की। पंचकूला के महापौर कुलभूषण गोयल द्वारा चौखी ढाणी में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कुलभूषण गोयल ने राज्यपाल का स्वागत किया। राज्यपाल को कुलभूषण गोयल की ओर से स्मृति चिन्ह भी भेंट किया गया। राज्यपाल ने कहा कि यह बहुत अच्छा अवसर है जब एक साथ मिलकर देश भर के मेयर अपने शहरों के विकास के लिए चर्चा कर रहे हैं।

**गोयल आल इंडिया मेयर काउंसिल हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष मनोनीतः** दो दिवसीय आल इंडिया मेयर काउंसिल की बैठक में हरियाणा की कमान पंचकूला के मेयर कुलभूषण गोयल को सौंप दी गई। बैठक में हरियाणा इकाई का गठन करने पर चर्चा हुई, तो करनाल की मेयर रेनू बाला गुप्ता ने कुलभूषण गोयल को प्रधान बनाने का प्रस्ताव रखा।


### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का तबादलानामा प्रस्तावित है :–

SW/BSO/708
मनकि बलवान सिंह पुत्र चन्द्र उर्फ चान्दराम पुत्र दिलसुख, निवासी एवं बिस्वेदार गांव बादली, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरूवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2023–24 व इंतकाल न0 10920 तकसीम, 11032 त0म0, के अनुसार अराजी खेवट न0 3215 मिन/2734, खाता न0 3581 मिन, मु0 न0 336, किला न0 18/2/2(1–0), किता 1, तादादी रकबा 1 कनाल 0 मरला का 11/24 भाग, बकदर 0 कनाल 9.16 मरले (0.05725 एकड़) वाका रकबा मौजा बादली, तहसील बादली, जिला झज्जर का मालिक व काबिज है जिसका तबादला प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल को मु0 न0 336, किला न0 18/2/2 मिन उत्तर (0–9.16), किता 1, तादादी रकबा 0 कनाल 9.16 मरले (0.05725 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।

SW/BSO/709
मनकि अतुल पुत्र बलवान सिंह पुत्र चन्दर, निवासी एवं बिस्वेदार गांव बादली, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरूवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2023–24, के अनुसार अराजी खेवट न0 3196मिन/2723, खाता न0 3562 मिन, मु0 न0 349, किला न0 16/1(0–6), मु0 न0 350, किला न0 20/1(0–5), किते 2, तादादी रकबा 0 कनाल 11 मरले का 1/4 भाग, बकदर 0 कनाल 2.75 मरले (0.0171875 एकड़) वाका रकबा मौजा बादली, तहसील बादली, जिला झज्जर का मालिक व काबिज है जिसका तबादला प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल को मु0 न0 349, किला न0 16/1 मिन रास्ताजात (0–1.75), मु0 न0 350, किला न0 20/1 मिन रास्ताजात (0–1), किते 2, तादादी रकबा 0 कनाल 2.75 मरले (0.0171875 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।

अतः यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस तबादलानामा पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नही रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के तबादले से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 16.06.2025

विनय कुमार सैनी
एडवोकेट,
द्वितीय तल, म0 नं0–285, सैक्टर–14,
गुरूग्राम – 122001
Mobile : 9810203697
E-mail : svkggn@yahoo.com



**Horticulture Department, Haryana**
Integrated Horticulture Development Centre,
Sundrah, (Mahendragarh)
Email:- ihdcsundrah@gmail.com, Ph:-01285-244076

### सब्जी पौध की बुकिंग / तैयार करवाने के लिए आवश्यक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र सुन्दरह में सब्जी पौध की बुकिंग शुरू हो चुकी है। अतः आप सभी से अनुरोध है कि केन्द्र में आप अपनी सब्जी की पौध तैयार करवा सकते हैं। बेलवर्गीय सब्जी की पौध तैयार करवाने का खर्चा 1.20 रू0 प्रति पौध एवं बिना बेलवर्गीय सब्जी की पौध तैयार करवाने का खर्चा 1.40 रू0 प्रति पौध रहेगा। बागवानी विभाग द्वारा तैयार करवाई जाने वाली सब्जी पौध पर 50 प्रतिशत अनुदान देने का प्रावधान है।

जो भी किसान सब्जी की पौध तैयार करवाना चाहते हैं वो दिए गए फोन नं. (01285-244076, 9728714706) पर संपर्क करके अपनी पौध की बुकिंग करवा सकते हैं।

**पौध बुकिंग के लिए आवश्यक दस्तावेजः**

➢ आवेदन पत्र (नम्बरदार / सरपंच द्वारा सत्यापित)
➢ पौध बुकिंग के लिए जमा राशि की मूल रसीद
➢ सब्जी बीज का मूल बिल
➢ आधार कार्ड, बैंक कॉपी, पैन कार्ड एवं परिवार पहचान पत्र (फैमिली आई. डी). की प्रति
➢ मेरी फसल मेरा ब्योरा (MFMB) के रजिस्ट्रेशन की प्रति

हस्ता/- उप-निदेशक उद्यान
एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह

पीआरडीएच-1149/11/843/2026/35653/88/6 दि. 16.06.25


## स्वच्छ परिवहन व वायु गुणवत्ता के लिए रोडमैप तैयार : रस्तोगी

चंडीगढ़। प्रदेश सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में वायु गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार के मकसद से, वायु गुणवत्ता प्रबंधन (सीएक्यूएम) आयोग के निर्देशानुसार प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों को चरणबद्ध तरीके से हटाने और निर्माण कार्यों से उठने वाली धूल का प्रबंधन करने के लिए एक महत्वाकांक्षी रोडमैप पेश किया है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी की अध्यक्षता में सोमवार यहां हुई एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में विस्तृत रणनीति बनाने के साथ-साथ इसकी समय-सीमा भी निर्धारित की गई, जिसमें पर्यावरण संरक्षण के लिए राज्य सरकार की मजबूत प्रतिबद्धता झलकती है। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के निर्देशानुसार, इस कार्य योजना के तहत जरूरी कदम उठाए जा रहे है।

■ मुख्य सचिव ने अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली

## इनेलो ने एक देश, एक चुनाव प्रणाली का सशर्त समर्थन किया : प्रकाश भारती

चंडीगढ़। एक देश- एक चुनाव को लेकर सोमवार को ज्वाइंट पार्लियामेंट्री कमेटी की बैठक में इनेलो पार्टी की तरफ से राष्ट्रीय प्रधान महासचिव प्रकाश भारती और प्रदेश प्रवक्ता डॉ सतबीर सैनी ने हिस्सा लिया। बैठक में प्रकाश भारती और सतबीर सैनी ने जेपीसी के सामने इनेलो पार्टी का पक्ष रखा। प्रकाश भारती ने बताया कि इनेलो पार्टी ने एक देश एक चुनाव प्रणाली का सशर्त समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि चुनावी प्रक्रिया में बड़े सुधार होने चाहिए। उन्होंने कहा कि चुनाव सुधार में सार्थक पहल होनी चाहिए।

## शिकायतों का किया समाधान : नागर

चंडीगढ़। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग की एक बड़ी उपलब्धि है कि विभाग ने पिछले 11 सालों में प्रदेश के उपभोक्ता सहायता केंद्र में आई सभी शिकायतों का शत-प्रतिशत समाधान कर दिया गया है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री राजेश नागर ने बताया कि राज्य उपभोक्ता सहायता केंद्र में हेल्पलाइन नंबर पर वर्ष 2014 से फरवरी 2025 तक कुल 76,826 शिकायतें प्राप्त हुई तथा सभी का समाधान किया गया।


### हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प नरवाना | पीडी नरवाना के तहत उचाना निर्वाचन क्षेत्र ग्रुप नं. 03 के एक अदद रोड की विशेष मरम्मत (I) जीन्द जिले में बधाना से थुआ वाया दाहोला रोड तक रोड को चौड़ा करना और मजबूतीकरण (रोड आईडी 11980) + 1 कार्य। | 13.06.2025 23.06.2025 | 810.89 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwd-eepd-narwana@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प जीन्द | जीन्द जिले में गांव भाग खेड़ा में राजकीय पशु चिकित्सा डिस्पेंसरी (जीवीडी) का निर्माण। | बंद होने की तिथि 19.06.2025 | 25.88 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwdeepdjind@gmail.com |
| 3 | पंचायती राज कैथल | नैना-मुंदरी रोड पर गांव सेगा, सिसमोर, नैना में बस शैल्टर का निर्माण। | 13.06.2025 19.06.2025 | 6.67 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1746234748 prexeeng.Ktl@hry.nic.in |
| 4 | पंचायती राज कैथल | गांव खेड़ी राई वाली, ब्लॉक ढाण्ड में पार्क-सह-व्यायामशाला का निर्माण + 2 कार्य। | 13.06.2025 24.06.2025 | 67.12 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1746234748 prexeeng.Ktl@hry.nic.in |
| 5 | पंचायती राज भिवानी | गांव बडेसरा में रावाली माता तालाब (01HRBHWBHW0053BADE106) का सौन्दर्यीकरण + 1 कार्य। | 13.06.2025 18.06.2025 | 38.15 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 6 | पंचायती राज गन्नौर | गांव खुशबू में समक्ष्या तालाब के निकट चारदिवारी का निर्माण, डी-प्लान 2025-26 + 3 कार्य। | बंद होने की तिथि 19.06.2025 | 30.78 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7015771521 sdoprganaur1@gmail.com |
| 7 | पंचायती राज फरीदाबाद | गांव सिकरी ब्लॉक बल्लभगढ़ जिला फरीदाबाद में खराब पानी की ड्रेनेज हेतु एचडीपीई पाइप लाइन बिछाना, एसबीएम-जी + 3 कार्य। | 13.06.2025 20.06.2025 | 178.56 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0129-4313645 prexeeng.fbd@hry.nic.in |
| 8 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा चरखी दादरी | माधोगढ़ ब्रांच के कि.मी. 3.660 पर ब्रिज का निर्माण + 2 कार्य। | 13.06.2025 24.06.2025 | 55.86 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8059375563 xenmgcckd11@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2026/160/35678/I/88/6 दि. 16.06.25

## गोहाना-खरखौदा में वारदातें, एक लेनदेन के विवाद और दूसरा जमीनी झगड़े में मार डाला

# दुकानदार की ट्रैक्टर से कुचलकर हत्या

### परचून की दुकान चलाने वाले 30 वर्षीय अशोक पर तेजधार हथियारों से भी किया था हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा



खरखौदा। नागरिक अस्पताल में शवगृह के बाहर इकट्ठा परिजन। फोटो : हरिभूमि

■ भाई की शिकायत के आधार पर चार को नामजद करते हुए केस दर्ज

गांव सिसाना में जमीन के विवाद ने खूनी रूप ले लिया। रविवार रात परचून की दुकान चलाने वाले 30 वर्षीय अशोक की तेजधार हथियारों से हमला कर हत्या कर दी गई। हमलावरों ने सिर को ट्रैक्टर से कुचलकर मौके से फरार हो गए।

मृतक के भाई रिंकू ने गुहणा निवासी अमित और सिसाना निवासी बलजीत उर्फ सोनू, दीपक उर्फ मोनू, इशु, निशु सहित दो-तीन अन्य लोगों पर रंजिशन हत्या का आरोप लगाया है। खरखौदा थाना पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही है। परिजन आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी और कड़ी सजा की मांग कर रहे हैं। रिंकू के मुताबिक, रविवार रात करीब साढ़े आठ बजे अशोक दुकान से स्कूटी पर घर लौट रहा था। घर न पहुंचने पर परिजन तलाश में निकले। भट्ठे के पास 100 मीटर अंदर रास्ते में उन्होंने देखा कि अशोक पर तेजधार हथियारों और फायरिंग से हमला किया गया। हमलावरों ने ट्रैक्टर से सिर बेरहमी से कुचल दिया। उसकी मौके पर मौत हो गई। परिजनों के पहुंचते ही हमलावर बाइक और ट्रैक्टर लेकर भाग निकले। खरखौदा थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भेजा। थाना प्रभारी ने बताया कि केस दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

### झगड़े से शुरू होकर हत्या तक पहुंचा विवाद

रिंकू ने बताया कि अशोक अविवाहित था और गांव में खेत के पास परचून की दुकान चलाता था। कुछ दिन पहले जमीन की खेवट को लेकर अशोक का आरोपियों से विवाद हुआ था। 7 जून को इन आरोपियों ने उसकी दुकान में घुसकर मारपीट की थी। अशोक ने 9 जून को पुलिस को शिकायत दी थी, जिस पर 11 जून को दोनों पक्षों में राजीनामा हुआ था। लेकिन थाने से बाहर निकलते ही अशोक को जान से मारने की धमकी दी गई थी।

## विवाद में युवक की ले ली जान, साथियों पर केस

गोहाना। शहर में महम रोड स्थित एक दुकान पर सेक्टर सात में रहने वाले युवक की हत्या कर दी गई। पिता ने पैसे के लेन-देन पर झगड़ा करके बेटे की हत्या का आरोप लगाया है। वह रविवार शाम को घर से दोस्तों के साथ नहाने गया था। सुबह पुलिस ने मौत की सूचना दी। पिता की शिकायत पर दुकानदार और उसके साथियों पर केस दर्ज किया गया। सेक्टर सात में रहने वाले सुभाष चंद्र ने पुलिस को बताया कि उसके दो बेटे अमित कुमार व अजय कुमार हैं। बड़ा बेटा अमित कुमार 34 साल का है और विवाहित है। रविवार शाम साढ़े छह बजे घर से निकला था और कहा था कि दोस्तों के साथ नहाने जा रहा है। रात आठ बजे तक घर नहीं आया तो कई बार फोन किया तो उठाया नहीं। रात साढ़े नौ बजे बेटे ने मां के पास फोन किया और बताया कि वह दोस्त सुरेंद्र, विशाल व रोकी के साथ नहाने गया है और दो घंटे में आएगा। उसके बाद मां के फोन पर नहाते हुए के फोटो भेजे। देर रात तक घर नहीं आया तो दोबारा संपर्क करने पर मोबाइल बंद मिला। सोमवार सुबह लगभग चार बजे पुलिस घर पहुंची और बताया कि अमित की मौत हो गई है और भगत फूल सिंह राजकीय महिला मेडिकल कालेज के अस्पताल में है। उन्हें पता चला कि अमित का महम रोड स्थित डोमेस्टिक फूड नाम की दुकान पर झगड़ा हुआ। वे घटनास्थल पर गए तो पता चला कि इस दुकान से पहले सेक्टर सात में भी झगड़ा हुआ। उसके बेटे की दुकानदार मोनू, उसके साथी नीटू, सचिन, शुभम, शिवम, नवीन, सुरेंद्र, विशाल व रोकी ने अन्य साथियों के साथ साजिश रचकर हत्या की। अमित ने बताया था कि इनके साथ उसका लेन-देन है, जिसके चलते हत्या की गई। एसीपी निधि नैन ने घटनास्थल का निरीक्षण किया।

■ अस्पताल में उपचार के दौरान मौत



### भेजे थे फोटो

परिजनों ने बताया कि नहाने के बाद युवक दुकान पर गया, जहां उनका झगड़ा हुआ। उसके हाथ पर शीशे के कटने के घाव थे और अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। पुलिस को देर रात सूचना मिली थी कि युवक शीशे के दरवाजे से टकराकर घायल हुआ है। सुभाष चंद्र ने बताया कि बेटे से जब मां ने बात की थी तो मां के पास नहर में नहाते हुए फोटो भेजे थे। साथ ही कहा था कि दो घंटे में वापस आ जाएगा।

### ठोस कार्रवाई होगी

युवक की मौत के मामले में गहनता से जांच की जा रही है। मृतक के पिता की शिकायत पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। घटना की सभी पहलुओं पर जांच कर ठोस कार्रवाई की जाएगी।

**-निधि नैन**, एसीपी गोहाना

## चार दिनों से बंद सड़क खुलवाने में प्रशासन नाकाम, ड्यूटी मेजिस्ट्रेट-पुलिस बल मांगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। पाइप लगाकर बंद की गई सड़क।

गांव भिरडाना से पांच गांवों को जाने वाली सड़क को मलकियत बताकर पाइप लगाकर बंद के मामले में लोक निर्माण विभाग ने सोमवार को डीसी मनदीप कौर को पत्र लिखकर सड़क खोलने के लिए पुलिस बल और ड्यूटी मेजिस्ट्रेट नियुक्त करने को लिखा है। सड़क को राजीव कुमार ने चार दिन से बंद कर रखा है। कई बार पुलिस अफसरों के समझाने पर भी रास्ते खोलने को राजी नहीं है।

लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता ने उपायुक्त को लिखे पत्र में बताया कि इस सड़क का निर्माण हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड द्वारा करीब 29 साल पहले 30 अक्टूबर 1996 को करवाया था। 2019 में सड़क को लोक निर्माण विभाग फतेहाबाद को स्थानांतरित कर दिया गया। अब सड़क की जगह पर गांव के राजीव कुमार ने स्वामित्व जताते हुए चार दिन से बंद कर रखा है। गांव के लोगों ने सडक़ बंद करने से पहले एक माह का समय मांगा था, लेकिन उसने बात नहीं मानी। अब प्रशासन पुलिस बल के सहारे खुलवाना चाहता है। इससे पहले सदर थाना के एसएचओ कुलदीप सिंह ने दो बार मौके पर जाकर खुलवा चुके हैं लेकिन पुलिस के जाते ही दोबारा से बंद कर देता है। इससे आमजन के अलावा भिरडाना, भूथनकलां, भूथनखुर्द के सरपंचों और भिरडाना गौशाला समिति, बाबा ब्रहमचारी महाराज कुटिया ने भी अपनी समस्या बताते हुए लोकनिर्माण विभाग को सडक़ खोलने के लिए पत्र लिखा है। दरअसल तीस साल पहले मार्केटिंग बोर्ड ने डेढ किमी लंबी सड़क का निर्माण करवाया। इसके बाद मार्केटिंग बोर्ड ने 2019 में इस सडक़ को लोकनिर्माण विभाग के हैंडओवर कर दिया गया। लोकनिर्माण विभाग ने कुछ समय पहले इस पर इंटरलॉकिंग टाइल्स लगाई थी। उस दौरान भी राजीव कुमार ने निर्माण एजेंसी के कर्मचारियों से विवाद पैदा करके उन्हें यहां टाइल्स नहीं लगाने दी थी।

■ पांच गांवों को जाने वाली है सड़क

### 20 साल बाद आपत्ति दर्ज नहीं हो सकती: कार्यकारी अभियंता

ड्यूटी मैजिस्ट्रेट नियुक्त करने को लेकर डीसी के पत्र में लोकनिर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता ने कहा है कि 2022 में विस में पारित हुए प्रस्ताव के मुताबिक कोई भी व्यक्ति 20 साल या इससे अधिक समय से सड़क की जमीन पर हक नहीं जताता है, तो वह उसकी सम्पत्ति नहीं मानी जाएगी।

## जींद में अवैध संबंधों में रोड़ा बनने पर पत्नी ने रचा हत्या का षड्यंत्र

■ पति को बहाना बना ले गई रेलवे लाइन पार, प्रेमी ने गोद डाला चाकुओं से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सफीदों के गांव जयपुर में अवैध संबंधों में रोडा बनने पर ईंट भट्ठा मजूदर की हत्या उसकी पत्नी ने अपने चचेरे देवर प्रेमी से करवाई थी। हत्या को अंजाम देकर आरोपित रात को ही यूपी मे अपने घर पहुंचा गया था। रेलवे थाना पुलिस ने आरोपित पत्नी तथा उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। जहां से दोनों को जेल भेज दिया।

छानबीन में सामने आया कि मृतक साजिद की पत्नी कुलफसा के उसके चचेरे देवर मोहम्मद खालिद से पिछले तीन साल से अवैध संबंध थे। जिसकी भनक साजिद को लग चुकी थी। डेढ् माह से कुफसा पति के साथ गांव जयपुर ईंट भट्ठे पर थी। वह प्रेमी मोहम्मद खालिद से नहीं मिल पा रही थी। दोनों ने फोन पर साजिद को ठिकाने लगाने की योजना बनाई।

नौ जून देर शाम को कुलफसा पति को रेलवे लाइन पार ले गई। जहां पर मोहम्मद खालिद झाडिय़ों में छुपा बैठा था। उसने चाकुओं तथा ईंटों से वार कर साजिद की हत्या कर दी। कुफसा ईंट भट्ठे पर लौट आई, जबकि मोहम्मद खालिद सुबह होने तक गांव बडौदा यूपी पहुंच गया। गुलफसा मजदूरों को भी गुमराह करती रही।

### क्या था मामला

मूलत: गांव बडौदा मुज्जफरनगर यूपी निवासी साजिद (24) जयपुर ईंट भट्ठे पर कार्य करता था। पत्नी कुलफसा व चार साल के बेटे के साथ ईंट भट्ठे पर बने कमरे में रह रहा था। जो दस जून की देर शाम का गायब हो गया। उसका गला सड़ा शव 13 जून शाम को भट्ठे से कुछ दूरी पर रेलवे लाइन पार झाडियों में रक्तरंजित बरामद हुआ था। पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर हत्या का मामला दर्ज किया था।

### कॉल डिटेल तथा हरकतों ने नहीं छुपने दिया गुनाह



साजिद की हत्या के बाद कुलफसा भट्ठे पर खड़े टैंकर पर नहा कर आई। रात भर बैचन रही। अन्य मजदूरों के पूछने पर उन्हें गुमराह करती रही। बावजूद इसके मृतक के साथी मजदूर कुलफसा को संदेह की नजर से देखते रहे। साजिद का शव मिलने तथा हत्या होने की पुष्टि होने के साथ संदेह गहरा हो गया। पुलिस ने कुलफसा के फोन की काल डिटेल की खंगाला और पूछताछ की तो गुनाह कबूल कर लिया। चचेरे देवर के साथ अवैध सबध तथा हत्या के रहस्य को भी उजागर कर दिया। रेलवे थाना प्रभारी श्याम सिंह ने बताया की अवैध संबंधों में रोडा बनने पर पत्नी ने अपने प्रेमी चचेरे देवर के साथ मिल कर पति की हत्या की थी। दोनों को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया। जहां से दोनों को जेल भेज दिया।

## कपड़ा कारोबारी से एक करोड़ की फिरौती मांगने के मामले के आरोपी मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सेक्टर-30 की टीम ने कार्रवाई करते हुए कपड़ा कारोबारी के घर पर फायरिंग करने के मामले में आरोपी करण गढवाल को मुठभेड़ के बाद काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 27 अप्रैल को थाना सारन में एक करोड़ की रंगदारी का मामला दर्ज हुआ था, मामले में शिकायतकर्ता के घर पर गोलियां भी चलाई गई थी। इस मामले में अपराध शाखा सेक्टर 30 द्वारा आरोपियों की धर पकड़ की जा रही है। 15 जून को क्राईम ब्रांच सेक्टर 30 की टीम को अपने गुप्त सूत्रों से मामले के आरोपी करण गढ़वाल बारे गुरुग्राम-पाली रोड पर होने की सूचना प्राप्त हुई, जिस पर अपराध शाखा की टीम गुडग़ांव पाली रोड नजदीक हनुमान मंदिर पहुंची, जहां आरोपी करण गढवाल खड़ा था, क्राइम ब्रांच की टीम को देखते ही वह भागने लगा और फिर पुलिस टीम पर फायर किया।

■ गुरुग्राम-पाली रोड पर पुलिस टीम पर चलाई थी गोली

## गले में फंस गया था पांच का सिक्का रोहतक पीजीआई में हुआ ऑपरेशन

■ परिजनों ने लगाया था चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

नागरिक अस्पताल की आपातकालीन वार्ड में गले में सिक्का फंस जाने पर इलाज के लिए लाए गए बच्चे को प्राथमिक उपचार के बाद निगरानी रखने की सलाह दी थी। बच्चे को एंबुलेंस न मिलने पर परिजनों ने अस्पताल में हंगामा किया। उसके बाद परिजन खुद ही बच्चे को लेकर रोहतक पीजीआई चले गए। जहां उसका ऑपरेशन होने की बात कही जा रही है। बच्चे को पीजीआई से छुट्टी मिली है। अस्पताल प्रबंधन की तरफ बच्चे का सही उपचार करने व एंबुलेंस का इंतजार करने बात कही थी।

शहर की दहिया कॉलोनी निवासी अनुराग ने बताया था कि वह अपने भतीजे को लेकर नागरिक अस्पताल में पहुंचा। आपातकालीन कक्ष में तैनात चिकित्सक ने बच्चे को पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया, लेकिन लगभग 45 मिनट तक एंबुलेंस नहीं मिली। इससे आक्रोशित परिजनों ने हंगामा किया और बच्चे को बाइक पर बस अड्डा ले जाकर वहां से प्राइवेट वाहन से रोहतक पीजीआई ले गए। वहां ऑपरेशन के बाद बच्चा अब स्वस्थ होने की जानकारी मिली है।

### बच्चे के लिए एंबुलेंस मंगवाई गई थी

आपतकालीन कक्ष में बच्चे को उपचार के लिए लाया गया था। बच्चे को निगरानी में रखने की सलाह परिजनों को दी थी। परिजन बच्चे को रोहतक लेकर जाने का दबाव बना रहे थे। चिकित्सक ने उसे रेफर कर दिया। कुछ देर पहले ही परिसर से दो एंबुलेंस घायलों को लेकर निकली थी। बच्चे के लिए एंबुलेंस को मंगवाई गई थी। परिजनों ने इंतजार नहीं किया। परिजनों के आरोप पर जांच की जा रही है।

*डा. ज्योत्सना, प्रधान चिकित्सक अधिकारी नागरिक अस्पताल।*



## खबर संक्षेप

### सांसद अशोक यादव का लापता बेटा बरामद

**पटना।** मधुबनी से भाजपा सांसद अशोक यादव के लापता बेटे को पुलिस ने बरामद कर लिया है।



दरभंगा सदर के एसडीपीओ अमित कुमार ने बताया कि पुलिस की टीम विभूति की तलाश में लगातार जुटी हुई थी। घर से लेकर अलग-अलग जगहों पर स्थित सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई, जिसके बाद उसे खोज निकाला।

### वाड्रा को आज ईडी ने पूछताछ के लिए बुलाया

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने रॉबर्ट वाड्रा को फिर से समन जारी किया है और 17 जून को पूछताछ के लिए बुलाया है। मनी लॉन्ड्रिंग के केस में एजेंसी प्रियंका गांधी वाड्रा के पति से पूछताछ करना चाहती है। यह मामला ब्रिटेन में बसे हथियार डीलर संजय भंडारी से जुड़ा है और उससे रॉबर्ट वाड्रा के लिंक बताए जाते हैं।




### ट्रेन में आग, फंसे युवक को सुरक्षित निकाला

**पुणे।** पुणे से दौंड जा रही शटल ट्रेन में अचानक आग लग गई। अचानक धुआं देखकर ट्रेन में अफरातफरी मच गई। आग ट्रेन के टॉयलेट में लगी थी। इस वजह से एक व्यक्ति शौचालय में ही फंस गया दरवाजा अंदर से लॉक हो गया था। यात्री की चीखें यात्रियों ने दरवाजा तोड़ा और उस व्यक्ति को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।



### प्रीत जट्टी को मिल रही धमकियां, शिकायत की

**नई दिल्ली।** यूट्यूबर प्रीत जट्टी ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट डालकर खुद की जान को खतरा होने का संदेह जताया। उसने बताया कि विदेशी नंबर से उसको फोन कर धमकाया गया। हालांकि शनिवार की बाद दोपहर उक्त पोस्ट डिलीट कर दी गई। इसके बाद पुलिस इस तरह की धमकियों पर नजर रख रही है।



### मतदान केंद्रों की शत प्रतिशत वेबकास्टिंग होगी : आयोग

**नई दिल्ली (भाषा)।** मतदान के दिनों में मतदान प्रक्रिया की निगरानी बढ़ाने के लिए निर्वाचन आयोग ने सभी मतदान केंद्रों पर शत प्रतिशत वेबकास्टिंग करने का निर्णय सोमवार को लिया, जो वर्तमान में 50 प्रतिशत है। वेबकास्टिंग इंटरनेट पर किसी कार्यक्रम या प्रस्तुति का सीधा प्रसारण है। वेबकास्टिंग चुनाव प्राधिकरण के आंतरिक उपयोग के लिए होगी। बिहार में इस वर्ष के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं और यह पहला राज्य होगा जहां 100 प्रतिशत वेबकास्टिंग लागू की जाएगी। सभी राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को भेजे पत्र में निर्वाचन आयोग ने कहा कि इंटरनेट संपर्कता वाले क्षेत्रों में वेबकास्टिंग की जाएगी।

---

### वर्ष के पहले 6 महीनों के लिए मनरेगा खर्च की सीमा 60 प्रतिशत तय की

# मनरेगा को खत्म करने की कोशिश में मोदी सरकार, यह संविधान के खिलाफ अपराध : खरगे



क्या ऐसा मोदी सरकार केवल इसलिए कर रही है, क्योंकि वो गरीबों की जेब से 25,000 करोड़ रुपये छीनना चाहती है, जो कि हर साल, साल के अंत तक, मांग ज़्यादा होने पर उसे अगले वित्तीय वर्ष में ख़र्च करने पड़ते हैं ?

**गरीबों की जीवन-रेखा को तड़पा-तड़पा कर ख़त्म करने की कवायद**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को आरोप लगाया कि केंद्र सरकार महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के आवंटन में कटौती करके इसे खत्म करने की कवायद में जुटी है, जो संविधान के खिलाफ अपराध है। उन्होंने खबरों का हवाला देते हुए दावा किया कि मोदी सरकार ने अब वर्ष के पहले 6 महीनों के लिए मनरेगा खर्च की सीमा 60 प्रतिशत तय कर दी है। खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''मोदी सरकार गरीबों की जीवन-रेखा मनरेगा को तड़पा-तड़पा कर ख़त्म करने की कवायद में जुटी है। मोदी सरकार ने अब वर्ष के पहले 6 महीनों के लिए मनरेगा खर्च की सीमा 60 प्रतिशत तय कर दी है। मनरेगा जो संविधान के तहत काम के अधिकार का क़ानूनी अधिकार सुनिश्चित करती है, उसमें कटौती करना संविधान के ख़िलाफ़ अपराध है।'' उन्होंने सवाल किया, ''क्या ऐसा मोदी सरकार केवल इसलिए कर रही है, क्योंकि वो गरीबों की जेब से करीब 25,000 रुपये करोड़ छीनना चाहती है, जो कि हर साल, साल के अंत तक, मांग ज़्यादा होने पर उसे अगले वित्तीय वर्ष में अलग से ख़र्च करने पड़ते हैं?

#### मनरेगा एक मांग आधारित योजना

खरगे ने कहा कि मनरेगा एक मांग आधारित योजना है, इसलिए यदि आपदाओं या प्रतिकूल मौसम की स्थिति में पहली छमाही के दौरान मांग में वृद्धि होती है, तो क्या होगा? क्या ऐसी सीमा लागू करने से उन गरीबों को नुकसान नहीं होगा, जो अपनी आजीविका के लिए मनरेगा पर निर्भर हैं?'' उन्होंने कहा, ''सीमा पार हो जाने पर क्या होगा? क्या राज्य मांग के बावजूद रोज़गार देने से इनकार करने के लिए मजबूर होंगे, या श्रमिकों को समय पर भुगतान के बिना काम करना होगा?



#### केवल 7 प्रतिशत परिवारों को 100 दिन का काम मिला

कांग्रेस अध्यक्ष ने सवाल किया कि क्या ये सच नहीं कि एक ताज़ा रिपोर्ट के अनुसार, केवल 7 प्रतिशत परिवारों को वादा किए गए 100 दिन का काम मिल पाया है? खरगे ने पूछा, ''करीब 7 करोड़ पंजीकृत श्रमिकों को मनरेगा से आधार आधारित भुगतान की शर्त लगाकर बाहर क्यों किया गया? 10 वर्षों में मनरेगा बजट का पूरे बजट के हिस्से में सब से कम आवंटन क्यों किया गया? ग़रीब विरोधी मोदी सरकार, मनरेगा मजदूरों पर ज़ुल्म ढाने पर क्यों उतारू है?''

### कांग्रेस ने ओबीसी के साथ हमेशा विश्वासघात किया : भाजपा

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पहले कराए गए जातिगत सर्वेक्षण को रद्द करने और नया सर्वेक्षण कराने के कर्नाटक सरकार के फैसले के बाद कांग्रेस पर अति पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के साथ हमेशा विश्वासघात करने का सोमवार को आरोप लगाया। केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता भूपेंद्र यादव ने जवाबदेही तय करने की मांग करते हुए कहा कि अब रद्द कर दिए गए जातिगत सर्वेक्षण को कराने में सरकारी खज़ाने से 165 करोड़ रुपये खर्च हुए थे। यादव ने दावा किया कि कांग्रेस का ओबीसी समुदाय के हितों के साथ विश्वासघात करने का इतिहास रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र में कांग्रेस की सरकारों ने पिछड़ा वर्गों को सशक्त बनाने संबंधी काका कालेलकर आयोग की रिपोर्ट को नजरअंदाज किया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने मंडल आयोग की सिफारिशों का भी विरोध किया था। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने कहा है कि नये सिरे से जातिगत सर्वेक्षण कराने का फैसला उनकी सरकार का नहीं है, बल्कि कांग्रेस नेतृत्व का निर्णय है। यादव ने पत्रकारों के साथ बातचीत में राज्य सरकार के फैसले में पार्टी के इस तरह के हस्तक्षेप पर सवाल उठाया और इसकी तुलना संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के दौरान सोनिया गांधी की अगुवाई वाले राष्ट्रीय सलाहकार परिषद के हस्तक्षेप से की। यादव ने कहा कि मोदी सरकार ने अपनी अनेक योजनाओं के जरिए पिछड़े वर्गों के सामाजिक-आर्थिक सशक्तीकरण के लिए काम किया है।

### उधर, ममता ने बोला हमला-भाजपा बांग्ला भाषी भारतीय नागरिकों को बांग्लादेशी बता रही



**कोलकाता (भाषा)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर आरोप लगाया कि वह अपनी सरकार वाले राज्यों में बांग्ला भाषी नागरिकों को निशाना बना रही है और यहां तक कि वैध दस्तावेज धारकों को भी अवैध बांग्लादेशी प्रवासी बता रही है। विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान उस समय हंगामा शुरू हो गया, जब मुख्यमंत्री ने भाजपा-शासित राज्यों में बांग्ला भाषी लोगों के खिलाफ पार्टी द्वारा दमनात्मक कार्रवाई करने का आरोप लगाया। बनर्जी ने कहा, ''आपको शर्म आनी चाहिए कि आप वास्तविक भारतीय नागरिकों को सिर्फ उनकी भाषा के आधार पर बांग्लादेशी बता रहे हैं। बांग्ला के साथ-साथ गुजराती, मराठी और हिंदी में बोलने में भी गर्व महसूस होना चाहिए। अगर आप मुझसे पूछें तो मैं इन सभी भाषाओं में बोल सकती हूं।'' उन्होंने कहा, ''एक ओर आप भारतीयों को उनके द्वारा बोले गए शब्दों के कारण बांग्लादेशी बता रहे हैं।

---

### राहत बलों की जमकर की तारीफ

## आपदा प्रबंधन में भारत वैश्विक नेता बनने के नजदीक : शाह

◆ *बीते 10 साल में इन संस्थाओं के कामों और जज्बे के दम पर भारत आगे बढ़ा*



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आपदा राहत बलों के जज्बे और कामों की सराहना की। दिल्ली में आपदा राहत बलों के आयुक्तों के सम्मेलन में अमित शाह ने कहा कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए), राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) और आपदा रोधी बुनियादी ढांचे के लिए गठबंधन (सीडीआरआई) के कामों की बदौलत भारत आपदा प्रबंधन में वैश्विक नेता बनने के करीब पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि बीते 10 साल में इन संस्थाओं के कामों और जज्बे के दम पर भारत आगे बढ़ा है। एनडीएमए ने नीतिगत मामलों को तय करने, शोध, स्टडीज को लोगों तक पहुंचाने, एप बनाने और समग्र समन्वय का बढ़िया काम किया है। एनडीआरएफ ने त्वरित आपदा राहत कार्यों को अंजाम देकर अपनी अच्छी छवि बनाई और सम्मान भी कमाया है। उन्होंने कहा कि एनडीआरएफ की संरचना में एसडीआरएफ ने भी बहुत बड़ी भूमिका निभाई है। सीडीआरआई के माध्यम से हमने वैश्विक स्तर पर बहुत प्रसिद्धि और स्वीकृति भी प्राप्त की है। अमित शाह ने कहा कि पिछले 10 वर्षों को भारत के संक्रमण काल के रूप में याद किया जाएगा जहां क्षमता, गति, दक्षता और सटीकता के क्षेत्रों में उपलब्धियां हासिल की गईं।केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि जबभारत की आपदा प्रतिक्रिया का इतिहास लिखा जाएगा, तो इतिहास को इन 10 वर्षों को याद करना होगा।

#### जिला आपदा प्रबंधन योजना बनेगी

अमित शाह ने कहा कि हमने भागीदारी बढ़ाई है। केंद्र, राज्य और स्थानीय सरकारें सामूहिक रूप से आपदा के खिलाफ खड़ी हैं। इससे साफ है कि जब स्थानीय निकाय, जनता, राज्य सरकार, केंद्र सरकार, सभी विभाग, वैज्ञानिक और सुरक्षाकर्मी, सभी मिलकर काम करते हैं, तो हम बड़ी उपलब्धियां हासिल कर सकते हैं। हमने बहुआयामी दृष्टिकोण को भी नीति के रूप में स्वीकार किया है। उन्होंने कहा कि हम 90 दिनों के भीतर अपने-अपने राज्यों में प्रत्येक जिले के लिए जिला आपदा प्रबंधन योजनाएं बनाने का काम पूरा कर लेंगे। जब तक जिला आपदा प्रबंधन योजना नहीं होगी, तब तक आपदा प्रबंधन से तेज़ी से लड़ना संभव नहीं है। सभी मिलकर बिजली और वज्रपात के खिलाफ एक राज्य-स्तरीय कार्य योजना बनाएं। सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को इसे 90 दिनों के भीतर केंद्र के साथ साझा करना चाहिए। कई राज्यों में घटना प्रतिक्रिया प्रणाली अभी भी लागू नहीं हुई है।

---

### कल भी दो उड़ानें लौटी थीं

## एअर इंडिया का विमान हॉन्गकॉन्ग लौटा, तकनीकी खराबी बताई गई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हॉन्गकॉन्ग से दिल्ली आ रही एअर इंडिया की फ्लाइट (नंबर एI315) सोमवार को वापस लौट गई। इसमें तकनीकी खराबी की बात सामने आई है। यह उड़ान बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर की थी। वहीं, रविवार को भारत आ रहे बोइंग के दो ड्रीमलाइनर प्लेन भी बीच रास्ते से लौट गए थे। इनमें से एक फ्लाइट लंदन से चेन्नई और दूसरी जर्मनी के फ्रैंकफर्ट से हैदराबाद आ रही थी। दोनों की सोमवार को लैंडिंग होनी थी। ब्रिटिश एयरवेज के चेन्नई आ रहे बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर को तकनीकी खराबी के चलते लौटना पड़ा। लुफ्थांसा एयरलाइन (जर्मनी) के बोइंग 787-9 ड्रीमलाइनर को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। इसके चलते प्लेन को लैंडिंग की परमिशन नहीं मिली और लौटना पड़ा।

#### हज यात्रियों को लखनऊ लेकर आए विमान के पहियों से धुआं निकला

**लखनऊ/बलिया (भाषा)।** जेद्दा से 242 हाजियों को लेकर लखनऊ पहुंचे सऊदी एयरलाइंस के विमान के उतरते समय पहियों से धुआं निकलने के बाद यहां हवाई अड्डे पर अलार्म बज गया। सूत्रों के अनुसार यह घटना रविवार सुबह शहर के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हुई और सभी यात्रियों को सुरक्षित उतार लिया गया। सूत्रों ने बताया, ''जेद्दा से 242 हज यात्रियों को वापस ला रहे सऊदी विमान के पहियों से धुआं निकलता देखा गया।'' उन्होंने कहा, ''विमान बचाव और अग्निशमन (एआरएफएफ) टीम मौके पर पहुंची। सऊदी टीम के साथ मिलकर धुएं पर काबू पाया गया और विमान को होने वाले नुकसान को टाला गया।'' उन्होंने कहा कि हवाई अड्डे के परिचालन पर कोई असर नहीं पड़ा।

### सुप्रीम कोर्ट का एमटेक समूह के पूर्व अध्यक्ष को जमानत देने से इनकार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को 2,700 करोड़ रुपये के बैंक धोखाधड़ी से जुड़े कथित धन शोधन मामले में एमटेक समूह के पूर्व अध्यक्ष अरविंद धाम को अंतरिम जमानत देने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी वराले की पीठ ने कहा कि तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली तीन न्यायाधीशों की पीठ ने सात अप्रैल को धाम को जमानत देने से इनकार कर दिया था और उन्हें जेल में आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया था। धाम की ओर से पेश वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी ने कहा कि उनके मुवक्किल 11 महीने से जेल में हैं और उनकी नियमित जमानत याचिका फरवरी 2025 से दिल्ली उच्च न्यायालय में लंबित है। पीठ ने कहा, ''हम याचिकाकर्ता के हथकंडे से बिल्कुल भी प्रभावित नहीं हैं। आपकी एसएलपी (विशेष अनुमति याचिका) को इस अदालत की तीन न्यायाधीशों की पीठ ने खारिज कर दिया था। इसके बाद रोहतगी ने याचिका वापस ले ली।

## राजभवन पर संघ पदाधिकारियों की तस्वीरें लगाने पर हंगामा

एजेंसी ▶▶ तिरुअनंतपुरम

केरल में सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की छात्र शाखा स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) ने राजभवन के सामने प्रदर्शन किया। ये लोग राज्यपाल के आधिकारिक आवास पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारियों की तस्वीरें लगाए जाने का विरोध कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों के एक वर्ग ने राज्यपाल के सरकारी आवास में घुसने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने बल प्रयोग कर उन्हें तुरंत रोक दिया। हाल में राजभवन में भारत माता के साथ आरएसएस के संस्थापक केबी हेडगेवार और विचारक गोलवलकर की तस्वीरें लगाए जाने के बारे में खबरें आई थीं।

## ऑपरेशन सिंदूर में हिस्सा रहीं विंग कमांडर मामले में बड़ा फैसला, सुप्रीम कोर्ट ने कहा, हमें इन महिला अधिकारियों पर गर्व, इन्हें नौकरी से न निकाला जाए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर वायुसेना की महिला अधिकारियों के हक में बड़ा फैसला सुनाया है। इस बार विंग कमांडर कविता भट्टी को राहत देते हुए कोर्ट ने सरकार को साफ निर्देश दिया है कि उन्हें अभी नौकरी से न हटाया जाए। कविता ने स्थायी कमीशन (पर्मानेंट कमीशन) की मांग को लेकर कोर्ट में याचिका दायर की थी। सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से इस मामले में एक हफ्ते के अंदर जवाब मांगा है। कोर्ट ने कहा कि इस याचिका पर अब 6 अगस्त को सुनवाई होगी। उस दिन कविता की अर्जी के साथ-साथ उन अन्य महिला अधिकारियों की याचिकाओं पर भी सुनवाई होगी, जिन्होंने स्थायी कमीशन न मिलने के सरकार के फैसले को चुनौती दी है।अब सबकी नजर 6 अगस्त की सुनवाई पर टिकी है, जब कोर्ट इस मामले में आगे का रास्ता तय करेगा। पिछली सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने ऑपरेशन सिंदूर और ऑपरेशन बालाकोट में शामिल रक महिला एयर फोर्स अधिकारी की याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए सरकार को निर्देश दिया था उन्हें नौकरी से न हटाया जाए।



### ईडी ने कोलकाता से किया गिरफ्तार

# आधार से पासपोर्ट तक, पाकिस्तानी ने बना डाले कई भारतीय पहचान पत्र!

एजेंसी ▶▶ कोलकाता



■ बांग्लादेशियों के लिए बनवाता था फर्जी दस्तावेज

कोलकाता की गलियों में एक ऐसा व्यक्ति वर्षों से खुलकर रह रहा था, जिसकी सच्चाई जानकर जांच एजेंसियां भी हैरान रह गईं। वह दिखने में आम इंसानों जैसा था, लेकिन असल में वह एक गहरी साजिश का हिस्सा था। झूठी भारतीय पहचान के सहारे भारत में घुसा यह व्यक्ति न केवल फर्जी दस्तावेज बनवाने का मास्टरमाइंड निकला, बल्कि एक अंतरराष्ट्रीय हवाला नेटवर्क भी चला रहा था। आजाद मलिक नाम का यह पाकिस्तानी नागरिक, जिसने आधार से लेकर भारतीय पासपोर्ट तक हासिल कर रखा था। सेंध लगाकर बड़े पैमाने पर मनी लॉड्रिंग और जालसाजी करता रहा। अब प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई से उसकी असलियत सबके सामने आ गई है। उसने अहमद हुसैन आजाद और आजाद हुसैन के नाम से भी अपनी पहचान बना रखी थी।

#### फोन से मिला पाकिस्तानी ड्राइविंग लाइसेंस

ईडी को मलिक के मोबाइल फोन से 1994 में जारी एक पाकिस्तानी ड्राइविंग लाइसेंस मिला, जिसमें उसका नाम 'आजाद हुसैन' और फोटो 'अजाद मलिक' के रूप में थी। इस लाइसेंस में उसका स्थायी पता पाकिस्तान का और जन्मतिथि 14 अगस्त 1971 दर्ज थी। लाइसेंस हैदराबाद (पाकिस्तान) के एक प्राधिकरण द्वारा जारी किया गया था।

### बिहार में पीएम आवास योजना के तहत हर पात्र को मिलेगा घर : चौहान

**नई दिल्ली (ब्यूरो.)।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को पटना (बिहार) में कहा कि सरकार पायदान में खड़े अंतिम व्यक्ति को सशक्त करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रही है। बिहार में भी प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जो भी पात्र लोग होंगे उन्हें घर अवश्य मिलेगा। साथ ही महिलाओं के सम्मान और आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने के लिए लखपति दीदीयों की संख्या बढ़ाने के लिए भी निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। शिवराज ने अमर शहीद बुद्धू नोनिया जन्म-शताब्दी समारोह में सहभागिता की। समारोह में केंद्रीय मंत्री रेणु देवी, बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी व विजय कुमार सिन्हा, प्रदेशाध्यक्ष डा. दिलीप जायसवाल, दारासिंह चौहान, संजय जायसवाल सहित अनेक जनप्रतिनिधि व बड़ी संख्या में नोनिया जी के अनुयायी, समाजजन उपस्थित थे।



## चिंतन

# तुर्किये को संदेश देने के साथ ट्रेड व रणनीतिक महत्व भी

विकसित देशों के संगठन जी-7 के शिखर सम्मेलन में शरीक होने से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूरोप के द्विपीय देश साइप्रस की दो दिवसीय यात्रा ऐसे समय में की है, जब ऑपरेशन सिंदूर के दौरान तुर्किये ने खुले तौर पर पाकिस्तान के साथ दिया। तुर्किये में जब भीषण भूकंप आया था तो भारत ने भरपूर मदद की थी, तुर्किये के साथ भारत के संबंध प्राचीनकाल से है, इसके बावजूद भारत के एहसान को भुला कर तुर्किये ने भारत के खिलाफ सैन्य कार्रवाई में पाकिस्तान को ड्रोन की मदद की, यह जानते हुए कि भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ नहीं बल्कि आतंकवाद के खिलाफ एक्शन लिया था। तुर्किये और साइप्रस पड़ोसी देश हैं और दोनों के बीच अदावत है, तुर्किये ने साइप्रस के एक तिहाई हिस्से पर अवैध कब्जा कर रखा है। वर्ष 1974 के बाद से दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंध भी नहीं हैं। पीएम मोदी ने जी-7 की बैठक में जाने से पहले साइप्रस की यात्रा कर तुर्किये को दो टूक संदेश दिया है कि अगर वह भारत के खिलाफ रहेगा, तो भारत भी उसके दुखती रग पर हाथ रखेगा। भारत अपने पर्यटकों को साइप्रस जाने के लिए प्रेरित करेगा। साइप्रस भारतीय पर्यटकों के पसंदीदा गंतव्यों में से एक है। करीब 11.5 हजार भारतीय वहां विभिन्न क्षेत्र में कार्यरत हैं। साइप्रस के आईटी क्षेत्र को भारतीय प्रतिभा मजबूती दे रही है। साइप्रस के साथ संबंध को मजबूत करके भारत अपनी पकड़ इस भूमध्यसागरीय क्षेत्र में मजबूत करेगा। साइप्रस ने जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपना सर्वोच्च सम्मान ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ मकारियोस-III दिया है, इससे साफ है कि वह खुद भारत के साथ अपने रिश्ते को नई ऊंचाई तक ले जाने के लिए कितना उत्सुक है। साइप्रस गणराज्य के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलाइड्स ने पीएम मोदी को यात्रा के लिए निमंत्रण दिया था। पीएम मोदी साइप्रस जाने वाले तीसरे भारतीय प्रधानमंत्री हैं। इससे पहले 1983 में इंदिरा गांधी और 2002 में अटल बिहारी वाजपेयी ने इस देश का दौरा किया था। तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने 2018 में और विदेश मंत्री एस जयशंकर ने 2022 में साइप्रस का दौरा किया था। पीएम की साइप्रस यात्रा का महत्व केवल तुर्किये को संदेश देने भर तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे व्यापक है। इसमें ट्रेड, रणनीतिक साझेदारी, सामुद्रिक सुरक्षा, ऊर्जा सहयोग व आतंकवाद के खिलाफ अभियान भी है। साइप्रस ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता का समर्थन किया है। इस वर्ष भारत-साइप्रस-ग्रीस साझेदारी शुरू हुई है। भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारा (आईएमईसी) में भी साइप्रस अहम भागीदार है। साइप्रस यूरोपीय संघ (ईयू) का सदस्य देश है। भारत ईयू के साथ मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में है। अगले वर्ष 1 जनवरी से साइप्रस ईयू का अध्यक्ष देश होगा, ऐसे में भारत को एफटीए में मदद मिलेगी। भारतीय कंपनियों व निवेशकों, आईटी क्षेत्र व डिजटेक के लिए साइप्रस यूरोप का प्रवेश द्वार है। भारत व साइप्रस रक्षा, साइबर, समुद्री सुरक्षा, संकट प्रबंधन, पर्यटन, नवाचार और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में मिलकर काम करेंगे। आतंकवाद, ड्रग्स और हथियारों की तस्करी को रोकने को दोनों देशों की एजेंसियों के बीच वास्तविक समय में सूचना के आदान-प्रदान के लिए एक तंत्र विकसित किया जाएगा। साइप्रस और ग्रीस ने आतंकवाद, कश्मीर, भारत की संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थाई सदस्यता, 1998 के परमाणु परीक्षण सहित प्रमुख मुद्दों पर भारत का समर्थन किया है।



**विश्लेषण**
उमेश चतुर्वेदी

# साइप्रस यात्रा से तुर्किये को कड़ा संदेश

> मोदी ने साइप्रस जाकर दो संदेश देने की कोशिश की है। पहला संदेश तुर्किये के लिए है। भारत ने जता दिया है कि वह साइप्रस को सहयोग देगा और साइप्रस से सहयोग लेगा। साइप्रस के आईटी उद्योग और पर्यटन में भारत के हजारों लोग कार्यरत हैं। दूसरा संदेश भारतीयों के लिए है। पहले भारत से बहुत सारे सैलानी तुर्किये जाते थे, लेकिन अब वे साइप्रस जाएंगे। मोदी की कोशिश साइप्रस को बढ़ाकर तुर्किये की आर्थिक रीढ़ पर चोट पहुंचाना है। साथ ही तुर्किये को संदेश देना है कि जरूरत पड़ने पर भारत उसके खिलाफ कड़े कदम भी उठा सकता है। प्रधानमंत्री ने कनाडा जाते हुए साइप्रस की यात्रा से तुर्किये को भी चौंकाया है। यह सीधे तौर पर कूटनीतिक जवाब है

ऑपरेशन सिंदूर के बाद एक टीवी चैनल के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से पूछा गया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान स्थित आतंकी ठिकानों पर भारत की कार्रवाई इतनी सटीक क्यों रही? पाकिस्तान की खुफिया सेवा इसे भांप क्यों नहीं पाई, पाकिस्तानी राजनेता और सेना क्यों भारतीय कार्रवाई का अंदाजा नहीं लगा पाए। सवाल खत्म होते ही प्रधानमंत्री ठठाकर हंस पड़े। हंसते हुए उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी सेना और राजनीति भारत के विपक्षी दलों की ही तरह हैं। जिस तरह वे मेरे बारे में अंदाजा नहीं लगा सकते, कुछ उसी तरह पाकिस्तानी भी अंदाजा नहीं लगा सकते। दिल्ली में केंद्रीय सत्ता संभालने के बाद प्रधानमंत्री मोदी के कदमों को देखिए। हर बार वे चौंकाते रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद जब समूचा विपक्ष भारत सरकार की विदेश नीति की नाकामी को लेकर मोदी सरकार पर निशाना लगा रहा था, प्रधानमंत्री ने साइप्रस की यात्रा करके देश को चौंका दिया है। भूमध्य सागर के द्वीपीय देश साइप्रस की यात्रा का अचानक से ऐलान होना और कनाडा जाते हुए रास्ते में प्रधानमंत्री मोदी का साइप्रस उतरना और वहां के शीर्ष नेताओं से मिलना भारतीय विदेश नीति का चौंकाऊं फैसला ही है।

देश के शीर्ष नेताओं की विदेश यात्राएं अरसा पहले से तय होती हैं, उसकी जानकारी राजनीति के साथ ही पत्रकारिता को भी होती है। लेकिन प्रधानमंत्री की साइप्रस यात्रा अचानक से हुई है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने प्रधानमंत्री की साइप्रस यात्रा का 14 मई को अचानक ऐलान किया। साइप्रस की राजधानी निकोसिया में प्रधानमंत्री मोदी ने वहां के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलाइड्स से बातचीत भी की। ऐसे में सवाल यह उठ सकता है कि साइप्रस की यह अचानक यात्रा क्यों? इस सवाल के जवाब में एक बार फिर ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हुई घटनाओं की ओर लौटना होगा। याद कीजिए, तब पाकिस्तान ने भारत पर ड्रोन के जरिए सैकड़ों हमले किए थे। उन हमलों को बेशक भारत के एयर डिफेंस सिस्टम ने नाकाम कर दिया। साइप्रस की यात्रा के लिए हमें उन हमलों में इस्तेमाल हुए ड्रोन को देखना होगा। पाकिस्तान ने जिन ड्रोन से हमले किए, ज्यादातर तुर्किये में बने सोनगार ड्रोन थे। हवाई हमलों में तुर्किये के इन ड्रोन को बेहद मारक माना जाता है। हालांकि वे भारतीय एयर डिफेंस सिस्टम के सामने बेकार ही साबित हुए। कूटनीतिक हलकों को पता है कि तुर्किये के राष्ट्रपति रेचेप तैय्यप अर्दोआन ने पाकिस्तान को उपलब्ध कराया। अर्दोआन ने पर्दे के पीछे से पाकिस्तान का साथ दिया। इतना ही नहीं, भारत ने जब इस बात को अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सामने रखा तो अर्दोआन ने 'एक्स' पर 'पाकिस्तान-तुर्किये दोस्ती जिंदाबाद' लिखकर एक तरह से भारत के आरोप को साबित कर दिया। इसे भारत को मुंह चिढ़ाना भी कह सकते हैं। यह उस तुर्किये का कदम था, जिसे भारत ने दो साल पहले दिल खोलकर मानवीय आधार पर सहयोग दिया था। छह फरवरी 2023 को तुर्किये में 7.8 तीव्रता का भूकंप आया था, उस झटके में वहां 53 हजार लोगों की मौत हो गई थी। भारत ने मानवीय सहायता के साथ ही विशेषज्ञों की टीम के साथ बचाव दल भेजा था। राहत के तुर्किये पहुंचने वाली टीमों में भारत की टीम भी शामिल थी। तुर्किये के राष्ट्रपति ने जब ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान से दोस्ती को



जगजाहिर किया तो उसे भारत के लोगों ने भारत के लिए मुंह चिढ़ाना माना। रही-सही कसर पूरी हुई मई के आखिर में पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ की तुर्किये की यात्रा से। तब भारत के सामने अर्दोआन के रूख को लेकर कोई गुंजाइश ही नहीं रही। ऐसा नहीं कि पहली बार तुर्किये ने भारत के खिलाफ पाकिस्तान का पक्ष लेते हुए ऐसा कदम उठाया है। संयुक्त राष्ट्र संघ समेत कई अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पाकिस्तान के पक्ष में अर्दोआन सहयोगी भूमिका पेश करते रहे हैं। इन वजहों से तुर्किये को लेकर भारत में गुस्सा भी बहुत रहा है। कश्मीर पर तुर्किये हर बार पाकिस्तान के साथ ही खड़ा रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी का साइप्रस दौरा भारत के उसी गुस्से की अभिव्यक्ति और भारत को मुंह चिढ़ाने के अर्दोआन के प्रयासों का जवाब माना जा सकता है। इसकी वजह है कि साइप्रस व तुर्किये के बीच जारी बरसों पुराना विवाद। साइप्रस में यूनानी और तुर्किये मूल के लोग रहते हैं। दोनों समुदायों में नस्ली आधार पर विवाद रहा है। साइप्रस में साल 1974 में तत्कालीन सरकार के खिलाफ यूनानी मूल के आतंकी समूहों ने तख्तापलट की कोशिश की। इसे तुर्किये ने अपने लोगों के खिलाफ युद्ध माना। इसके बाद तुर्किये ने साइप्रस पर हमला कर दिया। इस दौरान तुर्किये की सेनाओं ने साइप्रस के दूसरे नंबर के मशहूर शहर वरोशा पर कब्जा कर लिया था। यहां तुर्किये की सेना के 35 हजार जवान यहां तैनात हैं। इसके बाद से एक तरह से यह द्वीपीय देश दो हिस्सों में बंट गया है। तुर्किये के अवैध कब्जे वाले इलाके को उसने राष्ट्र का दर्जा दे रखा है। दिलचस्प है कि इस राष्ट्र के अस्तित्व को तुर्किये के अलावा कोई देश स्वीकार नहीं करता। साइप्रस यूरोपीय संघ का भी सदस्य है और एक जनवरी 2026 से वह संघ का अध्यक्ष बनने जा रहा है। भारत और यूरोपीय संघ के बीच मुक्त व्यापार समझौते को लेकर बातचीत चल रही है। भारत को उम्मीद है कि साइप्रस के अध्यक्ष रहते यूरोपीय संघ और भारत के बीच मुक्त व्यापार समझौता हो जाएगा। साइप्रस कई मौकों पर भारत की संयुक्त राष्ट्र संघ सुरक्षा परिषद में स्थायी सीट की दावेदारी का समर्थन कर चुका है।

मोदी ने साइप्रस जाकर दो संदेश देने की कोशिश की है। पहला संदेश तुर्किये के लिए है। भारत ने जता दिया है कि वह साइप्रस को सहयोग देगा और साइप्रस से सहयोग लेगा। वैसे भी साइप्रस के आईटी उद्योग और पर्यटन में भारत के हजारों लोग कार्यरत हैं। साइप्रस स्थित भारतीय हाईकमीशन के मुताबिक साइप्रस में साढ़े ग्यारह हजार लोग रहते हैं। मोदी की साइप्रस यात्रा का दूसरा संदेश भारतीयों के लिए है। पहले भारत से बहुत सारे सैलानी तुर्किये जाते थे, लेकिन अब वे साइप्रस जाएंगे। वैसे पाकिस्तान के सहयोग के खुलासे के बाद से ही तुर्किये के लिए बुक टिकटों को भारतीयों ने कैंसल कराना शुरू कर दिया था। मोदी की कोशिश साइप्रस को बढ़ाकर तुर्किये की आर्थिक रीढ़ पर चोट पहुंचाना है। साथ ही तुर्किये को संदेश देना है कि जरूरत पड़ने पर भारत उसके खिलाफ कड़े कदम भी उठा सकता है।

प्रधानमंत्री ने कनाडा जाते हुए साइप्रस की यात्रा से तुर्किये को भी चौंकाया है। राष्ट्रपति अर्दोआन ने 2021 में कहा था कि साइप्रस की जिम्मेदारी तुर्किये की है। यानी एक तरह से वह साइप्रस के एकीकरण के संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रस्ताव के खिलाफ हैं। अर्दोआन के कदम का इजरायल कड़ा विरोध करता है। साइप्रस की मौजूदा सरकार के साथ इजरायल मजबूती से खड़ा है। पीएम मोदी की साइप्रस की यात्रा के बाद इजरायल, भारत और साइप्रस संबंधों को भी गति मिलने की संभावना है। दुनिया इन दिनों चीन के 'वन बेल्ट-वन रोड' के जवाब में मध्य पूर्व के देशों के साथ यूरोप 'इंडिया-मिडिल ईस्ट-यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर' यानी आईएमईसी पर काम कर रहा है। भारत-साइप्रस संबंध और मजबूत होंगे।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार व विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

**एयर इंडिया हादसा**
विवेक शुक्ला




# एक स्मारक विमान हादसों के शिकार मुसाफिरों की याद में

राजधानी के इंडिया गेट के करीब पृथ्वीराज रोड पर आपको एक ईसाई कब्रिस्तान दिखाई देता है। नाम है रायल सिमिट्री। इसके अंदर कभी जाइये और घूमिए। इधर पूर्व राष्ट्रपति के.आर. नारायणन और मशहूर मॉडल जेसिका लाल की कब्रों से चंद कदमों की दूरी पर बनी एक कब्र को देखकर आप ठिठकते हैं। ये एक सांकेतिक कब्र उन अभागे मुसाफिरों की है,जो जापान एयर लाइंस के विमान के 14 जून,1972 को हुए हादसे में मारे गए थे। ये विमान बैंकाक से दिल्ली आ रहा था। ये उसी जगह पर गिरा था,जिधर अब आबाद है साउथ दिल्ली का वसंत कुंज। इस हादसे में 82 मुसाफिर मारे गए थे। इसमें पायलट और उनके बाकी सहयोगी भी थे। हादसे के ज्यादातर शिकार यात्री अमेरिका और ब्राजील के नागरिक थे। जापान एयरलाइंस के विमान में ब्राजील की मशहूर फिल्मी हस्ती लैला डिंज और भारत के नामवर कृषि वैज्ञानिक डॉ. के.के.पी. नरसिंह राव भी सवार थे। इसके अलावा, विमान के गिरने के कारण भी चार लोगों की जान चली गई थी। अभी हाल ही में अहमदाबाद में एयर इंडिया के विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के कारण 270 से अधिक मुसाफिरों के अलावा कई वे लोग भी मारे गए हैं, जिन पर विमान के टुकड़े गिरे थे। बहरहाल, रायल सिमिट्री की उस कब्र को देखकर समझ आ जाता है कि अब इधर फूल चढ़ाने के लिए कभी- कभार ही कोई आता होगा। इस पर लिखे शब्द मिट रहे हैं। अब बड़ा सवाल ये है कि क्या विमान हादसों में मारे गए लोगों की याद में स्मारक बने? बेशक, बने तो अच्छा होगा । बेशक विमान हादसों में अपनी जान गंवाने वालों की स्मृति में स्मारक बनाना एक संवेदनशील मुद्दा है। स्मारक एक तो उन लोगों को श्रद्धांजलि होगी जो अकारण मारे गए। यह पीड़ितों के परिवारों और मृतकों के दोस्तों को शोक व्यक्त करने और उनकी स्मृति को जीवित रखने का एक स्थान होगा। दूसरा, इन स्मारकों का एक बड़ा संदेश विमानन सुरक्षा के महत्व को रेखांकित करना भी होगा कि भविष्य में ऐसी त्रासदियों को रोकने के लिए बेहतर उपायों की आवश्यकता पर ध्यान आकर्षित किया जाए।

अब से लगभग चालीस साल पहले 23 जून 1985 को हुए एयर इंडिया फ्लाइट 182 (कनिष्क विमान) हादसे का यहां जिक्र करना जरूरी है। यह विमान कनाडा के मॉन्ट्रियल शहर से लंदन होते हुए दिल्ली और मुंबई जा रहा था, जब आयरिश हवाई क्षेत्र में 31 हजार फीट की ऊंचाई पर एक बम विस्फोट के कारण यह अटलांटिक महासागर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में कनिष्क विमान में सवार सभी 329 लोग मारे गए, जिनमें भारतीय मूल के 268 कनाडाई नागरिक, 27 ब्रिटिश और 22 भारतीय शामिल थे। इसे आधुनिक कनाडा के इतिहास में सबसे बड़ा आतंकवादी हमला और उस समय तक का सबसे घातक विमानन आतंकवादी घटना माना जाता है। इस भयंकर हादसे के पीड़ितों की याद में दो स्मारक बनाए गए। आयरलैंड में हादसे की पहली बरसी पर 1986 में, एक स्मारक का अनावरण किया गया। यह स्मारक उस स्थान के पास है जहां विमान समुद्र में गिरा था। यह पीड़ितों को श्रद्धांजलि देने और इस दुखद घटना को याद रखने का प्रतीक है। उधर, कनाडा में भी इस हादसे के पीड़ितों की याद में स्मारक बना। 2015 में, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कनाडा गए थे, उन्होंने टोरंटो में इस हादसे के स्मारक का दौरा किया था। इन दोनों स्मारकों में पीड़ितों के परिवार आते-जाते हैं। कनिष्क विमान हादसा खालिस्तानी आतंकवाद से जुड़ा था, और स्मारक इस तरह की आतंकी घटनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने में मदद करते हैं। इस तरह के स्मारक महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि वे न केवल पीड़ितों को सम्मान देते हैं, बल्कि भविष्य में ऐसी त्रासदियों को रोकने के लिए विमानन सुरक्षा और आतंकवाद-रोधी उपायों पर ध्यान केंद्रित करने की तरफ इशारा करते हैं। हालांकि, इन्हें बनाते समय पीड़ितों के परिवारों की भावनाओं और सहमति का ध्यान रखना जरूरी है। आयरलैंड और कनाडा में बने स्मारक इस दिशा में एक सकारात्मक कदम हैं। अगर भारत में भी विमान हादसे में शिकार हुए यात्रियों की याद में स्मारक बनाया जाए तो इसमें कोई बुराई तो नहीं होगी। अब रायल सिमिट्री की सांकेतिक कब्र को देखकर दिल दुखी हो जाता है। एक बात और। इस सांकेतिक कब्र पर हर साल क्रिसमस पर दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी से जुड़े हुए फादर सोलोमन जॉर्ज फूल अवश्य चढ़ाते हैं। उन्हें उम्मीद थी कि ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डिसिल्वा जब 2023 में जी-20 शिखर सम्मेलन भाग लेने राजधानी आएंगे, तब वे रायल सिमिट्री में भी आएंगे उस कब्र पर जो उनके और अमेरिका के नागरिकों की याद में बनी है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## आत्मबल के लिए ईश्वर के सान्निध्य में जाएं



संकलित
**दर्शन**

जब व्यक्ति किसी कार्य को करने चलता है, तो उसके मन-हृदय में बारंबार विचार-भाव उठते हैं कि वह कार्य करें या नहीं, उससे होगा या नहीं और परिणाम भी सफलता और असफलता के रूप में सामने आता है। किसी कार्य को करने के लिए बल की आवश्यकता होती है। इसके बिना उसको गति देना असंभव है। कई बार किसी कार्य को करते समय नाना-प्रकार के संकट उसमें बाधा बन खड़े हो जाते हैं। ऐसे में कोई व्यक्ति उस कार्य को बीच में ही छोड़ देता है। परिणामस्वरूप उसे असफलता हाथ लगती है। असफलता यह सिद्ध करती है कि अमुक कार्य को पूरे मनोयोग से नहीं किया गया। मनोयोग का अर्थ होता है-तन, मन और हृदय से समर्पित होकर किसी कार्य को करना। किसी कार्य में सफल होने के लिए व्यक्ति में मानसिक संतुलन, विश्वास, जिज्ञासा, लगन, संघर्ष करने की क्षमता और तन्मयता जैसे गुणों का होना जरूरी होता है। इनकी प्राप्ति आत्मबल से होती है। आत्मबल की प्राप्ति के लिए ईश्वर के सान्निध्य में जाना पड़ता है। सान्निध्य पाने के लिए ईश्वर का विश्वास आवश्यक है। विश्वास पाने के लिए तप-साधना करनी पड़ती है। चूंकि आत्मबल में ईश्वर की शक्ति निहित होती है, इसीलिए इसे ब्रह्मबल भी कहते हैं। आत्मबल से संपन्न मनीषी के लिए कोई कार्य असंभव नहीं रहता है। उसका कोई कार्य बीच में नहीं रुकता है। जब शरीरबल और मनोबल टूट जाता है तो उस समय आत्मबल सहारा देता है। आत्मबल से युक्त व्यक्ति कभी हताश-निराश नहीं होता है।


## भगवान को धन की कोई आवश्यकता नहीं



संकलित
**प्रेरणा**

एक सेठ के पास एक व्यक्ति काम करता था। सेठ उस व्यक्ति पर बहुत विश्वास करता था। वो व्यक्ति भगवान का बहुत बड़ा भक्त था। वह सदा भगवान के चिंतन भजन कीर्तन स्मरण सत्संग आदि का लाभ लेता रहता था। एक दिन उस ने सेठ से श्री जगन्नाथ धाम यात्रा करने के लिए कुछ दिन की छुट्टी मांगी सेठ ने उसे छुट्टी देते हुए कहा- भाई! मैं तो हूं संसारी आदमी हमेशा व्यापार के काम में व्यस्त रहता हूं, तुम जा ही रहे हो तो यह लो 100 रुपए मेरी ओर से श्री जगन्नाथ प्रभु के चरणों में समर्पित कर देना। भक्त सेठ से सौ रुपए लेकर श्री जगन्नाथ धाम यात्रा पर निकल गया। वह श्री जगन्नाथ पुरी पहुंचा। मंदिर की ओर प्रस्थान करते समय उसने रास्ते में देखा कि बहुत सारे संत, भक्त जन, वैष्णव जन, हरि नाम संकीर्तन बड़ी मस्ती में कर रहे हैं। भक्त भी वहीं रुक कर हरिनाम संकीर्तन का आनंद लेने लगा। उसने सोचा क्यों ना सेठ के सौ रुपए से इन भक्तों को भोजन करा दूँ। सबको भोजन कराने में उसे कुल 98 रुपए खर्च करने पड़े। उसके पास दो रुपए बच गए उसने सोचा चलो अच्छा हुआ दो रुपए जगन्नाथ जी के चरणों में सेठ के नाम से चढ़ा दूंगा। भक्त ने श्री जगन्नाथ जी के दर्शन किए और अंत में उसने सेठ के दो रुपए श्री जगन्नाथ जी के चरणो में चढ़ा दिए। भगवान को आपके धन की कोई आवश्यकता नहीं है। भगवान को वह 98 रुपए स्वीकार है जो जीव मात्र की सेवा में खर्च किए गए और उस दो रुपए का कोई महत्व नहीं जो उनके चरणों में नगद चढ़ाए गए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### फर्जी एप्स से बचें

हमारे देश में विभिन्न कंपनियों ने एप्स के जरिए लोन देने की व्यवस्था की है, ताकि लोगों को आसानी से घर बैठे ही कुछ मिनटों में लोन उपलब्ध हो सके। लेकिन कुछ फर्जी एप्स भी हो सकते हैं। इसके लिए जागरूकता बहुत जरूरी है, ताकि किसी फर्जी एप्स के जरिए लिया गया लोन मुसीबत न बने। जब किसी को आर्थिक संकट आता है, या जब किसी का कोई परिवारजन बीमार होता है या जब किसी गरीब या मिडल क्लास के बच्चे की पढ़ाई का खर्चा पूरा न हो रहा हो या किसी व्यापारी को व्यापार के लिए धन की जरूरत हो तो ऐसे में इन सभी को सरकारी बैंकों या अन्य उचित एप्स से लोन आसानी से न मिल रहा है, तो ऐसे वर्ग के लोग फर्जी लोन एप्स के जंजाल में फंस जाते हैं और मुसीबत में पड़ जाते हैं। इसलिए सरकार को इन फर्जी एप्स से कड़ाई से निपटना चाहिए।

*– मनोज पटेल, धमतरी*

## करंट अफेयर

# चीन ने कहा, हमारा परमाणु भंडार न्यूनतम स्तर पर

चीन ने अपने तेज़ी से बढ़ते परमाणु हथियार भंडार को लेकर सफ़ाई दी है कि यह अब भी उसकी न्यूनतम आवश्यकताओं के अनुरूप ही है। चीन ने हालांकि अमेरिका और रूस की बराबरी करने के लिए परमाणु होड़ में शामिल होने की आशंकाओं को खारिज करते हुए कहा कि वह परमाणु हथियारों की किसी दौड़ में शामिल नहीं है, बल्कि उसकी नीति न्यूनतम प्रतिरोध की है। जानकारी के मुताबिक, चीन हर साल 100 से अधिक नए परमाणु हथियार तैयार कर रहा है और अब उसके पास कुल मिलाकर करीब 600 परमाणु हथियार हो चुके हैं। एक स्वीडिश विचारक संस्था द्वारा सोमवार को जारी 'स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट' के अनुसार, बीजिंग ने 2023 से प्रत्येक वर्ष अपने परमाणु भंडार में 100 अतिरिक्त हथियार जोड़े हैं। उसके मुताबिक, वर्तमान में इसके पास कम से कम 600 हथियार हैं, और ऐसी आशंका है कि यह संख्या "आने वाले दशक में बढ़ती रहेगी। रिपोर्ट में कहा गया है, "चीन के पास दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ता परमाणु शस्त्रागार है" जहां अधिकांश चीनी परमाणु आयुध को उनके लॉन्चर्स से अलग रखा गया है, वहीं माना जा रहा है कि चीन अब सीमित संख्या में मिसाइलों पर परमाणु हथियार तैनात करना शुरू कर रहा है।



## ऑफ बीट

# नाक से सांस लेने पर आपकी दौड़ हो सकती है आसान

श्वास अवचेतन है। हमें इसके बारे में सोचने की ज़रूरत नहीं है – यह बस हो जाता है। कम और मध्यम तीव्रता वाले व्यायाम (जैसे पैदल चलना और साइकिल चलाना) के दौरान, हममें से अधिकांश लोग अपनी नाक से सांस लेते हैं और अपने मुंह से सांस छोड़ते हैं। लेकिन व्यायाम जितना अधिक तीव्र होता जाता है, उतना ही हम पूरी तरह मुंह से सांस लेने लगते हैं। हममें से अधिकांश लोग यह मानेंगे कि गहन व्यायाम के दौरान मुंह से सांस लेना सबसे अच्छी तकनीक है, क्योंकि यह हमारी मांसपेशियों तक अधिक ऑक्सीजन पहुंचने में मदद देता है। लेकिन सबूत इसके विपरीत दिखाते हैं – और यह कि आपकी नाक से सांस लेना वास्तव में गहन व्यायाम (जैसे दौड़ना) के दौरान उपयोग करने के लिए एक बेहतर तकनीक हो सकती है। व्यायाम करते समय, मुंह से सांस लेने की तुलना में नाक से सांस लेने पर कम ऑक्सीजन का उपयोग होता है। हालांकि यह कोई फ़ायदा नहीं लग सकता है, लेकिन मूल रूप से इसका मतलब यह है कि शरीर कम ऑक्सीजन का उपयोग करते हुए भी उतनी ही मात्रा में व्यायाम कर सकता है। और गति को अधिक समय तक बनाए रखना ही सफलता का मूलमंत्र है।



## ट्रेंड

### साइप्रस सरकार का आभार



'द ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ मैकारियोस III' से सम्मानित करने के लिए मैं साइप्रस सरकार का आभार व्यक्त करता हूं। यह मेरा नहीं है, 140 करोड़ भारतीयों का सम्मान है। मैं यह पुरस्कार भारत और साइप्रस की चिरस्थायी मित्रता को समर्पित करता हूं।
**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### स्वास्थ्य सेवाएं जारी रहेंगी



गाजा में संचालित सबसे बड़े स्वास्थ्य कर्मियों में से एक है जो वर्तमान में 15,000 दैनिक स्वास्थ्य परामर्श प्रदान करता है। स्वास्थ्य टीमें जबरन विस्थापन और महत्वपूर्ण संसाधनों की कमी से घिरे समुदायों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना जारी रखती हैं।
**-डॉ टेड्रोस, डब्ल्यूएचओ महानिदेशक**

### मोदी का गहरा वैश्विक प्रभाव



भारत के किसी भी प्रधानमंत्री का वैश्विक स्तर पर इतना गहरा प्रभाव नहीं रहा। यह कहानी सिर्फ एक नेता की नहीं है; यह विश्व मंच पर भारत की आर्थिक ताकत, रणनीतिक स्पष्टता को दर्शाती है। यह 140 करोड़ भारतीयों ने पीएम मोदी के नेतृत्व में विश्वास से संभव हुआ है।
**- रेखा गुप्ता, सीएम दिल्ली**

### सही चीज चुनना जरूरी



खुशी आपके खुद से बात करने के तरीके, आपके कार्यों के आपके मूल्यों के अनुरूप होने से बनती है। सच्ची खुशी अधिक पाने में नहीं है- बल्कि कम की जरूरत, आभारी होना और अपने लिए सही चीज चुनना है।
**-हर्ष गोयनका उद्योगपति**

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# महिला वनडे विश्व कप : भारत और पाकिस्तान के बीच 5 अक्टूबर को होगी जंग

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत का महिला एकदिवसीय विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ अहम मैच पांच अक्टूबर को कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में तटस्थ स्थल पर खेला जाएगा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने सोमवार इस विश्व कप के कार्यक्रम की घोषणा की।

इस साल की शुरुआत में चैंपियंस ट्रॉफी और उसके बाद के मैचों के लिए स्वीकार किए गए 'हाइब्रिड मॉडल' के अनुसार कोलंबो को तटस्थ स्थल के रूप में जोड़ा गया है। भारत ने तब आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी (पुरुष) के लिए पाकिस्तान की यात्रा करने से मना कर दिया था। कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में 26 भारतीय पर्यटकों के मारे जाने के बाद ऐसी अटकलें थीं कि क्या आईसीसी भारत और पाकिस्तान के बीच राउंड रोबिन मैच का आयोजन करेगा? आईसीसी पिछले काफी समय से अपने सभी आयोजनों में भारत बनाम पाकिस्तान मैच को शामिल करता रहा है।

### 30 सितंबर को भारत का पहला मैच

आईसीसी ने सोमवार को कार्यक्रम जारी कर हालांकि सभी संदेहों को दूर कर दिया है। भारत अपने अभियान की शुरुआत 30 सितंबर को बेंगलुरु में श्रीलंका के खिलाफ करेगा। यह इस विश्व कप का उद्घाटन मैच होगा। टीम इसी मैदान पर 26 अक्टूबर को शुरुआती चरण के अपने आखिरी मैच में बांग्लादेश से भिड़ेगी। कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की जीत के जश्न के दौरान हुई भगदड़ के बाद इस स्थल के मैचों की मेजबानी के अधिकार खोने की अफवाहों का खंडन हो गया।



### अपने सभी मैच कोलंबो में खेलेगा पाकिस्तान

पाकिस्तान हाइब्रिड मॉडल के अनुसार अपने सभी मैच कोलंबो में खेलेगा। भारत के खिलाफ मैच के अलावा टीम प्रेमदासा स्टेडियम में बांग्लादेश (दो अक्टूबर), ऑस्ट्रेलिया (आठ अक्टूबर), इंग्लैंड (15 अक्टूबर), न्यूजीलैंड (18 अक्टूबर), दक्षिण अफ्रीका (21 अक्टूबर) और श्रीलंका (24 अक्टूबर) के खिलाफ भी खेलेंगी।

### 2 नवंबर को फाइनल

पहला सेमीफाइनल 29 अक्टूबर को गुवाहाटी या कोलंबो में खेला जाएगा। यह टूर्नामेंट में पाकिस्तान की प्रगति पर निर्भर करेगा। दूसरा सेमीफाइनल 30 अक्टूबर को बेंगलुरु में होगा जबकि फाइनल दो नवंबर को बेंगलुरु या कोलंबो में होगा। इसका फैसला भी टूर्नामेंट में पाकिस्तान की स्थिति के मुताबिक होगा।

### राउंड-रॉबिन प्रारूप में मैच

भारत 2013 के बाद पहली बार इस वैश्विक आयोजन की मेजबानी कर रहा है। सभी आठ टीमें राउंड-रॉबिन प्रारूप में एक-दूसरे के खिलाफ खेलेंगी। इसमें शीर्ष चार टीमें सेमीफाइनल में प्रवेश करेंगी। मेजबान भारत के अलावा, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका ने विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफिकेशन हासिल किया जबकि पाकिस्तान और बांग्लादेश ने इस वर्ष की शुरुआत में लाहौर में क्वालीफायर के माध्यम से टूर्नामेंट में प्रवेश किया।




**भारत का कार्यक्रम**

| दिनांक | टीमें | शहर |
|---|---|---|
| 30 सितंबर | भारत/श्रीलंका | बेंगलुरु |
| 5 अक्टूबर | भारत/पाकिस्तान | कोलंबो |
| 9 अक्टूबर | भारत/द.अफ्रीका | विशाखापत्तनम |
| 12 अक्टूबर | भारत/ऑस्ट्रेलिया | विशाखापत्तनम |
| 19 अक्टूबर | भारत/इंग्लैंड | इंदौर |
| 23 अक्टूबर | भारत/न्यूजीलैंड | गुवाहाटी |
| 26 अक्टूबर | भारत/बांग्लादेश | बेंगलुरु |

---

## खबर संक्षेप



### भारत की अंडर-23 पुरुष टीम घोषित

**नई दिल्ली।** भारत की अंडर-23 पुरुष टीम के मुख्य कोच नौशाद मूसा ने सोमवार को ताजिकिस्तान और किर्गिज गणराज्य के खिलाफ आगामी मैत्री मैचों के लिए 23 सदस्यीय टीम की घोषणा की जिसमें सीनियर टीम के तीन खिलाड़ी भी शामिल हैं। अंडर-23 टीमः गोलकीपरः मोहम्मद अरबाज, प्रियांश दुबे, साहिल। डिफेंडरः विकास युमनाम, दिप्पेंदु बिस्वास, मुहम्मद साहीफ एपी, निखिल बारला, प्रमवीर, सुभम भट्टाचार्य, टेकचाम अभिषेक सिंह। मिडफील्डरः आयुष छेत्री, चिंगंगबाम शिवाल्डो सिंह, लालरेमत्लुआंगा फनाई, लालरिनलियाना हनामटे, मैकार्टन लुइस निकसन, मोहम्मद ऐमेन, विबिन मोहनन, विनिथ वेंकटेश। फॉरवर्डः जोसेफ सनी, मोहम्मद सनन के, पार्थिब सुंदर गोगोई, सुहैल अहमद भट, थिंगुजम कोरू सिंह।

### पांचवें स्थान पर रही टीम इंडिया एमजीडी1



**लंदन।** मुख्य रूप से भारतीय खिलाड़ियों से सजी टीम एमजीडी1 ने फिडे विश्व ब्लिट्ज टीम चैम्पियनशिप में टीम फ्रीडम को हराकर पांचवां स्थान हासिल किया। इससे पहले उसने यहां टूर्नामेंट में रैपिड वर्ग का खिताब जीता था। डब्लूआर चेस ने काज़चेस को हराकर 2023 में यह प्रतियोगिता शुरू होने के बाद से अपना दूसरा ब्लिट्ज़ खिताब हासिल किया। ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी की मौजूदगी वाली टीम एमजीडी1 ने पहले ही 16 टीमों के नॉकआउट में जगह बना ली थी। उसने पहले दौर में जेनरेशन एक्सवाइजेडए को 4-0 से हराया था।

### चेन्नई ओपन की डब्लूटीए 250 कैलेंडर में वापसी



**चेन्नई।** तमिलनाडु टेनिस संघ ने सोमवार को घोषणा की कि भारत तीन साल बाद डब्लूटीए 250 टूर्नामेंट चेन्नई ओपन की मेजबानी करेगा जिसका मुख्य ड्रॉ 27 अक्टूबर से शुरू होगा। यह टूर्नामेंट पिछली बार 2022 में डब्लूटीए कैलेंडर में शामिल किया गया था जब चेक गणराज्य की लिंडा फ्रुहविर्टोवा एकल चैंपियन बनी थीं। टीएनटीए के अध्यक्ष विजय अमृतराज ने कहा, 'आखिरकार तमिलनाडु सरकार और एसडीएटी (तमिलनाडु के खेल विकास प्राधिकरण) के मजबूत समर्थन की बदौलत चेन्नई में एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय खेल/टेनिस प्रतियोगिता को लाने के हमारे प्रयास सफल हुए।'

---

'केमिकल लगे तौलिये का इस्तेमाल' करके गेंद से छेड़छाड़ करने का आरोप

# अश्विन पर लगे गेंद से छेड़छाड़ के आरोप टीएनपीएल ने मदुरै पैंथर्स से मांगे सबूत

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

तमिलनाडु प्रीमियर लीग में आर अश्विन की अगुवाई वाली डिंडीगुल ड्रैगन्स के खिलाफ सीचम मदुरै पैंथर्स ने गेंद से छेड़छाड़ के आरोप लगाए हैं। आयोजकों ने 'मैच खत्म होने के बाद और अटकलबाजी की तरह लग रहे' आरोपों के लिए सबूत पेश करने का निर्देश दिया है। पैंथर्स ने ड्रैगन्स पर 14 जून को सलेम में हुए मैच के दौरान 'केमिकल (रसायन) लगे तौलिये का इस्तेमाल' करके गेंद से छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। यह समझा जाता है कि इन तौलियों को राज्य क्रिकेट संघ ने गेंद के गीला होने पर उसे पोंछने के लिए मुहैया कराया था। गेंद को सुखाने का काम मैदानी अंपायरों की मौजूदगी में किया गया।

टीएनपीएल ने ऐसे में पैंथर्स से अपने आरोपों को 'पुष्ट' करने के लिए जल्द से जल्द सबूत पेश करने को कहा है। टीएनपीएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) प्रसन्ना कन्नन ने पैंथर्स को भेजे ईमेल में लिखा, 'आरोप बाद में लगाए गए। यह बिना किसी सबूत के अटकलों पर आधारित लग रहे हैं। यह पूरी तरह से टीम के आंतरिक संचार पर आधारित प्रतीत होते हैं।' कन्नन ने आगे कहा कि मैच के दौरान या बाद में मैदानी अंपायरों या मैच रेफरी द्वारा कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई। पता चला है कि टीएनपीएल इस मुद्दे पर चर्चा के लिए एक आंतरिक समिति गठित करने जा रहा है।



### सबूत नहीं मिले तो पैंथर्स पर लगेगा जुर्माना

कन्नन ने कहा, 'अगर दावों में कोई दम है तो हम एक स्वतंत्र समिति का गठन करेंगे। बिना पर्याप्त सबूत के किसी खिलाड़ी या फ्रेंचाइजी के खिलाफ ऐसे आरोप लगाना अनुचित है। अगर कोई सबूत पेश नहीं किया जाता है, तो मदुरै पैंथर्स को प्रतिबंधों का सामना करना पड़ेगा।' प्रसन्ना ने यह भी स्पष्ट किया कि टीएनपीएल ने अंपायरों के सामने गेंद सुखाने के लिए लीग द्वारा उपलब्ध कराए गए तौलिये के इस्तेमाल की अनुमति दी है। यह निर्णय लीग के शेड्यूल को ध्यान में रखते हुए लिया गया है, जो तमिलनाडु में मानसून के मौसम के साथ मेल खाता है।

### तौलिये के स्रोत की करें जांच

पैंथर्स के सीईओ महेश एस ने टीएनपीएल को पत्र लिखकर गत चैंपियन ड्रैगन्स द्वारा गेंद से 'स्पष्ट' छेड़छाड़ का दावा किया। अपने पत्र में महेश ने टीएनपीएल के शीर्ष अधिकारियों से तौलिये के स्रोत की जांच करने को भी कहा। सलेम क्रिकेट फाउंडेशन ग्राउंड में हुए इस मैच में ड्रैगन्स ने पैंथर्स को नौ विकेट से हराया।

### अश्विन को नहीं मिला विकेट

पहले बल्लेबाजी करते हुए पैंथर्स ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 150 रन बनाए। अश्विन को कोई विकेट नहीं मिला और उन्होंने अपने चार ओवर में 27 रन दिए। उन्होंने हालांकि सलामी बल्लेबाज के तौर पर बल्लेबाजी करते हुए 29 गेंदों में 49 रन बनाए और ड्रैगन्स ने 12.3 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया।

### पहले भी विवाद में फंसे अश्विन

बता दें कि इससे पहले, 6 जून को एक मैच के दौरान अंपायर के फैसले पर असहमति जताने के कारण अश्विन पर 30% मैच फीस का जुर्माना लगाया गया था। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुआ था। बता दें कि अश्विन ने हाल ही में टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहा था। आईपीएल में उन्होंने चेन्नई सुपरकिंग्स के लिए खेला था, लेकिन उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था।

---

टेनिस

# क्वालीफायर मारिया ने 37 साल की उम्र में जीता क्वींस क्लब का खिताब



एजेंसी ▶▶| लंदन

जर्मन क्वालीफायर तात्याना मारिया ने विंबलडन के अभ्यास टूर्नामेंट क्वींस क्लब में जीत हासिल करके अपने करियर का सबसे बड़ा खिताब जीतने के साथ खुद को 'क्वीन ऑफ क्वींस' साबित किया।

दो बच्चों की 37 वर्षीय मां मारिया ने लंदन में ग्रास कोर्ट पर खेले गए इस टूर्नामेंट के फाइनल में आठवीं वरीयता प्राप्त अमांडा अनिसिमोवा को 6-3, 6-4 से हराकर अपना पहला डब्ल्यूटीए 500 खिताब जीता। वि श्व रैंकिंग में 86वें नंबर की खिलाड़ी मारिया ने अपनी बेटियों चार्लोट और सेसिलिया तथा अपने पति और कोच चार्ल्स एडौर्ड मारिया के सामने जीत हासिल की।

मारिया ने कहा, 'यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है। मैं एक अच्छा उदाहरण हूं कि मेरी उम्र में भी आप बड़ी ट्रॉफियां जीत सकते हैं। मुझे खुद पर बहुत गर्व है।' उन्होंने अपने चौथे डब्ल्यूटीए खिताब की राह में कैरोलिना मुचोवा, एलेना रयबाकिना और मैडिसन कीज़ सहित विश्व रैंकिंग में शीर्ष 20 में शामिल चार खिलाड़ियों को हराया।

### भारत को अर्जेंटीना के खिलाफ जीत की उम्मीद



**लंदन।** यूरोपीय चरण की शुरुआत दो करीबी हार के साथ करने के बाद भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग में दुनिया की दूसरे नंबर की टीम अर्जेंटीना के खिलाफ लगातार दो मैच में वापसी करने के लिए बेताब है। सलीमा टेटे की अगुआई वाली भारतीय टीम सप्ताहांत हुए दो मैच में ऑस्ट्रेलिया से 1-2 और 2-3 से हार गई और उनके पास अर्जेंटीना की मजबूत टीम का सामना करने से पहले खुद को फिर से संगठित करने के लिए बहुत कम समय होगा। अर्जेन्टीना ने अब तक अपने 12 लीग मैच में से सात जीते हैं।

---

दिग्गजों की राय

# इंग्लैंड जीतेगा टेस्ट श्रृंखला युवा भारत देगा कड़ी चुनौती



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज मैथ्यू हेडन का मानना है कि अगर भारत लीड्स और मैनचेस्टर में मैच जीतने में सफल रहता है तो उसके पास इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट श्रृंखला जीतने का शानदार मौका होगा। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन ने पांच मैच की श्रृंखला में मेजबान टीम को 3-2 से जीत का दावेदार बताया। भारत और इंग्लैंड पांच मैचों की श्रृंखला के साथ अपने नए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र की शुरुआत करेंगे। इस श्रृंखला का पहला मैच शुक्रवार से लीड्स में खेला जाएगा। मैनचेस्टर 23 जुलाई से चौथे टेस्ट की मेजबानी करेगा। हेडन ने जियो हॉटस्टार पर कहा, 'मुझे नहीं लगता कि इंग्लैंड के गेंदबाज इतने अच्छे हैं। उसके कई गेंदबाज चोटिल हैं और कई खिलाड़ी संन्यास ले चुके हैं। उसके लिए यही बड़ी चुनौती होगी। उत्तरी इंग्लैंड में होने वाले टेस्ट मैच काफी महत्वपूर्ण होंगे। भारत अगर इन मैच में जीत हासिल कर लेता है तो वह श्रृंखला अपने नाम कर सकता है।'

### सभी मैच करीबी होंगे : स्टेन

स्टेन ने भारत को हारा हुआ नहीं माना, लेकिन इंग्लैंड को जीत का दावेदार बताया। उन्होंने कहा, 'भारतीय टीम काफी युवा है। यह कहा जा सकता है कि इंग्लैंड श्रृंखला जीतने जा रहा है, लेकिन यह बिना संघर्ष के नहीं होने वाला है। मुझे लगता है कि एक या दो टेस्ट ऐसे होंगे जिन्हें भारत अपने नाम कर सकता है। सभी मैच करीबी होंगे। लेकिन हर मैच का नतीजा निकलेगा। मुझे लगता है कि यह 3-2 से इंग्लैंड के पक्ष में होगा।'

### इंग्लैंड 3-2 से जीतेगा : दासगुप्ता

पूर्व भारतीय क्रिकेटर दीप दासगुप्ता ने कहा, 'भारतीय टीम काफी युवा है और उसका कप्तान भी युवा है। टीम बदलाव के दौर से गुजर रही है, जिससे इंग्लैंड को थोड़ा फायदा मिलेगा। इंग्लैंड को घरेलू मैदान पर खेलने का भी फायदा मिलेगा, लेकिन यह श्रृंखला काफी करीबी होगी। मुझे लगता है कि इंग्लैंड 3-2 से जीतेगा।' संजय मांजरेकर ने कहा, 'मुझे लगता है कि इंग्लैंड श्रृंखला जीतने के लिए बेहतर स्थिति में है। वे अपने घरेलू मैदान पर खेल रहे हैं और भारतीय टीम बदलाव के दौर से गुजर रही है, इसलिए मुझे लगता है कि इंग्लैंड यह श्रृंखला जीत सकता है।'

---

### वेस्टइंडीज ने आयरलैंड को हराकर जीती टी-20 श्रृंखला

**ब्रेडी।** वेस्टइंडीज ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपना दूसरा सर्वोच्च स्कोर बनाया और आयरलैंड को 62 रन से हराकर बारिश से प्रभावित तीन मैचों की श्रृंखला 1-0 से जीती। वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए एविन लुईस (91 रन) और कप्तान शाई होप (51 रन) के बीच पहले विकेट के लिए 10.3 ओवर में 122 रन की साझेदारी की मदद से पांच विकेट पर 256 रन बनाए। वेस्टइंडीज ने कुल 20 छक्के लगाए। लुईस ने आठ जबकि होप और कीसी कार्टी ने चार-चार छक्के लगाए। कार्टी ने 22 गेंदों पर नाबाद 49 रन का योगदान दिया। आयरलैंड इसके जवाब में सात विकेट पर 194 रन ही बना पाया। उसकी तरफ से रॉस अडायर (48 रन) और हैरी टेक्टर (38 रन) ने दूसरे विकेट के लिए 101 रन की साझेदारी की। पहला और दूसरा मैच बारिश के कारण रद्द कर दिया गया था।



---

# एशियाई कप 2026 क्वालीफायर के लिए 24 सदस्यीय टीम घोषित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चोटों के कारण तीन फारवर्ड खिलाड़ियों को खोने के बाद भारतीय सीनियर महिला टीम के मुख्य कोच क्रिस्पिन छेत्री ने सोमवार को एएफसी महिला एशियाई कप ऑस्ट्रेलिया 2026 क्वालीफायर के लिए थाईलैंड जाने वाली 24 सदस्यीय टीम की घोषणा की।

क्वालीफायर के लिए 23 खिलाड़ियों की अंतिम टीम की घोषणा पहले मैच से पूर्व की जाएगी। भारतीय टीम को क्वालीफायर के ग्रुप बी में रखा गया है जहां उनका सामना मंगोलिया (23 जून), तिमोर लेस्ते (29 जून), इराक (दो जुलाई) और मेजबान थाईलैंड (पांच जुलाई) से होगा। ग्रुप विजेता मार्च 2026 में ऑस्ट्रेलिया में होने वाले मुख्य टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करेंगे। महिला एशियाई कप फीफा महिला विश्व कप ब्राजील 2027 का भी क्वालीफायर है।



### टीम इस प्रकार है

**गोलकीपरः** एलंगबाम पंथोई चानू, मोइरांगथेम मोनालिशा देवी, पायल बसुदे। **डिफेंडरः** हेमाम सिल्की देवी, किरण पिस्दा, मार्टिना थोकचोम, नगंगबाम स्वीटी देवी, फंजौबाम निर्मला देवी, पूर्णिमा कुमारी, संजू, सोरोखैबम रंजना चानू। **मिडफील्डरः** अंजू तमांग, ग्रेस डांगमेई, कार्तिका अंगमुथु, नोंगमैथेम रतनबाला देवी, प्रियदर्शिनी सेलादुरई, संगीता बासफोर। **फारवर्डः** लिंडा कोम सर्टो, मालविका पी, मनीषा कल्याण, मनीषा नाइक, प्यारी शाशा, रिम्पा हलदर और सौम्या गुगुलोथ।

---

कोई भी खिलाड़ी अतिरिक्त सत्र खेलने से वंचित न रहे

# बीसीसीआई आयु निर्धारण के लिए कराएगा अतिरिक्त अस्थि परीक्षण

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने एक महत्वपूर्ण कदम के तहत जूनियर स्तर पर खिलाड़ियों का अतिरिक्त अस्थि परीक्षण (बोन टेस्ट) कराने का फैसला किया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी खिलाड़ी अतिरिक्त सत्र खेलने से वंचित न रहे। मौजूदा मानदंडों के अनुसार खिलाड़ी टीडब्ल्यू3 विधि के माध्यम से आयु निर्धारण के लिए अस्थि परीक्षण से गुजरता है। इसमें उसके उम्र का आकलन अस्थि परीक्षण की उम्र में एक जोड़कर किया जाता है। नियम में बदलाव के साथ हालांकि अंडर 16 लड़कों की श्रेणी में किसी क्रिकेटर को अगले सत्र में उसी आयु वर्ग में खेलने की अपनी पात्रता निर्धारित करने के लिए दूसरे अस्थि परीक्षण से गुजरना होगा। बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा, 'ऐसा सटीक उम्र जानने के साथ यह सुनिश्चित करने के लिए किया जा रहा है कि कोई भी खिलाड़ी वैज्ञानिक गणना के बजाय गणितीय गणना के कारण खेलने से ना चूके।'



### एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के लांच में देरी

*लंदन। अहमदाबाद में हाल में हुए विमान हादसे के कारण भारत और इंग्लैंड के बीच आगामी टेस्ट श्रृंखला के लिए एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के अनावरण में देरी हो गई। पूर्व भारतीय कप्तान मंसूर अली खान पटौदी के सम्मान में इसे पहले पटौदी ट्रॉफी कहा जाता था, लेकिन अब इसका नाम बदलकर एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी कर दिया गया है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड के एक अधिकारी ने कहा, 'एटीटी ट्रॉफी के अनावरण में अहमदाबाद में हाल में हुई दुर्घटना के कारण देरी हुई है। इसे रद्द नहीं किया गया है। उम्मीद है कि श्रृंखला शुरू होने से पहले ट्रॉफी का अनावरण कर दिया जाएगा।'*






## खबर संक्षेप

### खुफिया एजेंसी एमआई6 की चीफ बनीं ब्लेस

**लंदन।** ब्रिटेन की खुफिया एजेंसी एमआई6 के प्रमुख के पद पर ब्लेस मेट्रेवेली की नियुक्ति हुई है। इस पद



पर पहुंचने वाली वे पहली महिला अधिकारी हैं। 47 वर्षीय मेट्रेवेली, इससे पहले एमआई6 की तकनीकी शाखा की प्रमुख थीं, उन्हें कोड नेम क्यू से भी जाना जाता है। मेट्रेवेली ने साल 1999 में एमआई6 में काम शुरू किया था और अपने करियर के अधिकतर समय वे ऑपरेशनल भूमिकाओं में पश्चिम एशिया और यूरोप में तैनात रही हैं।

### पहलगाम हमला बिना आतंकी फंडिंग के संभव नहीं : एफएटीएफ

**नई दिल्ली।** वैश्विक निगरानी संस्था वित्तीय कार्रवाई कार्यबल (एफएटीएफ) ने अप्रैल में पहलगाम में हुए बर्बर आतंकवादी हमले की निंदा करते हुए सोमवार को कहा कि उसने आतंकवाद के वित्तपोषण से निपटने के लिए विभिन्न देशों द्वारा उठाए गए कदमों पर अपना ध्यान केंद्रित किया है। आतंकी फंडिंग की निगरानी करने वाली संस्था फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) ने सोमवार को कहा कि पहलगाम हमला आतंक फैलाने वालों के समर्थन के बिना नहीं किया जा सकता। इसके लिए फंडिंग भी की गई।

भारत-साइप्रस ने पश्चिमी एशिया और यूरोप में चल रहे संघर्ष पर चिंता जताई

# आतंक के खिलाफ निकोस ने दिया भारत का साथ, पहलगाम हमले की कड़ी निंदा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ निकोसिया/नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि उन्होंने और साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस ने पश्चिम एशिया और यूरोप में चल रहे संघर्षों पर 'चिंता जताई' और उन दोनों का मानना है कि ''यह युद्ध का युग नहीं है। मोदी ने यहां क्रिस्टोडौलिडेस के साथ व्यापक वार्ता के बाद संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में अपने संबोधन में यह भी कहा कि 'बातचीत के जरिए समाधान और स्थिरता बहाल करना मानवता की मांग है।' प्रधानमंत्री ने सीमा पार से होने वाले आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई में साइप्रस के समर्थन के लिए भी धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, 'हम सीमा पार से होने वाले आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई में साइप्रस के समर्थन के लिए आभारी हैं।' मई में भारत द्वारा 'ऑपरेशन सिंदूर' चलाए जाने के बाद यह उनकी पहली विदेश यात्रा है। पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में, ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकवादियों के बुनियादी ढांचे को नष्ट कर दिया था। साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस ने पहलगाम हमले की कड़ी निंदा की और आतंक के खिलाफ लड़ाई में भारत का समर्थन किया।

*यह युद्ध का युग नहीं, वार्ता से समाधान मानवता की मांग*

*इंडिया-ग्रीस-साइप्रस बिजनेस एंड इन्वेस्टमेंट काउंसिल का गठन*

### मोदी ने निकोसिया के ऐतिहासिक केंद्र का भ्रमण किया



साइप्रस के सांसद ने स्वागत समारोह के दौरान प्रधानमंत्री मोदी के पैर छुए

साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस के साथ सोमवार को 'सेंटर ऑफ निकोसिया' पहुंचे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आदर भाव दिखाते हुए देश की एक सांसद ने प्रधानमंत्री के पैर छुए। सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से साझा किए गए वीडियो में निकोसिया परिषद की सदस्य मिकेला किथ्रेओटी म्लापा प्रधानमंत्री मोदी का पारंपरिक तरीके से पैर छूकर स्वागत करती हुई दिख रही हैं।

**निकोसिया।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस के साथ सोमवार को ऐतिहासिक निकोसिया केन्द्र का भ्रमण किया, जहां वे क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से रू-ब-रू हुए। मोदी साइप्रस, कनाडा और क्रोएशिया की चार-दिवसीय यात्रा पर हैं। वह जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए आज ही कनाडा के लिए रवाना हो गए। प्रधानमंत्री ने दौरे की कुछ तस्वीरें 'एक्स' पर साझा कीं। उन्होंने इन तस्वीरों के साथ लिखा है, ''ऐतिहासिक निकोसिया शहर के कुछ हिस्सों का भ्रमण कराने के लिए राष्ट्रपति क्रिस्टोडौलिडेस का आभार। हम साइप्रस और भारत के लोगों के बीच घनिष्ठ संबंध कायम होने की आशा करते हैं। ऐतिहासिक केंद्र निकोसिया का प्राचीन हिस्सा है। यह अपनी किलेबंदी, पारंपरिक वास्तुकला और बाजारों के लिए प्रसिद्ध है।

### मोदी जी-7 में हिस्सा लेने के लिए कनाडा रवाना

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी साइप्रस की अपनी यात्रा संपन्न करने के बाद सोमवार को जी-7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए कनाडा रवाना हो गए। इस दौरान उन्होंने साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस के साथ व्यापक वार्ता की और दोनों देशों के संबंधों को बढ़ावा देने के लिए कई मुद्दों पर चर्चा की। मोदी तीन देशों साइप्रस, कनाडा और क्रोएशिया की चार दिवसीय यात्रा पर हैं।

### सभी पहलुओं पर चर्चा की गई

*संयुक्त प्रेस वार्ता के दौरान अपने संबोधन में राष्ट्रपति क्रिस्टोडौलिडेस ने कहा, ''हमारे बीच ऐतिहासिक मित्रता है और हमारे संबंधों में विश्वास है।'' उन्होंने 22 अप्रैल के भयावह पहलगाम आतंकी हमले को भी याद किया और कहा कि साइप्रस, भारत के साथ ''पूरी एकजुटता'' के साथ खड़ा है। राष्ट्रपति ने कहा कि साइप्रस आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ खड़ा है। अपने संबोधन में क्रिस्टोडौलिडेस ने अहमदाबाद में 12 जून को हुए एअर इंडिया विमान हादसे का भी जिक्र किया और कहा कि साइप्रस के लोग दुख की इस घड़ी में भारत के साथ हैं। मोदी और क्रिस्टोडौलिडेस ने भारत-साइप्रस संबंधों के सभी पहलुओं पर व्यापक चर्चा की। उन्होंने रक्षा, सुरक्षा, व्यापार, प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवा, नवीकरणीय ऊर्जा और जलवायु न्याय जैसे क्षेत्रों में सहयोग के बारे में बात की।*

ट्रम्प नहीं करेंगे प्रस्ताव पर साइन!

# जी-7 समिट में इजराइल-ईरान मुद्दे पर सहमति बनना मुश्किल

एजेंसी ⏭ अमृतसर

कनाडा के कैननास्किस में जी-7 समिट शुरू हो गया है। इस समिट में सभी 7 सदस्य देशों के बीच इजराइल-ईरान संघर्ष पर सहमति बनना मुश्किल नजर आ रहा है। ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने कहा कि, जाहिर है इस पर चर्चा होगी लेकिन प्रस्ताव को ठोस रूप देना बाकी है। हमें लोगों को एक साथ लाना होगा यह कैसे किया जाएगा इस पर बात करनी होगी।

अमेरिकी राष्ट्रपति इजराइल और ईरान से जुड़े जी-7 के जॉइंट बयान पर साइन करने को तैयार नहीं है। जी-7 समिट में इजराइल-ईरान संघर्ष रोकने को लेकर एक प्रस्ताव बन रहा है। कनाडाई न्यूज वेबसाइट का दावा है कि ट्रम्प इस प्रस्ताव पर साइन नहीं करेंगे। उधर ट्रम्प ने समिट शुरू होने से पहले कहा कि, ईरान यह जंग हार रहा है। उन्होंने बात करने में देरी कर दी। समिट में हिस्सा लेने आए



डोनाल्ड ट्रम्प ने अमेरिका और कनाडा के साथ वाले झंडे का पिन अपने कोट पर लगाया। दरअसल ट्रम्प कनाडा को 51वां राज्य बनाना चाहते हैं। वहीं कनाडा हर बार मना करता रहा है। समिट से पहले ट्रम्प ने कहा- जी-7 पहले जी-8 हुआ करता था। बराक ओबामा और ट्रूडो दो ऐसे शख्स थे जो रूस को इसमें शामिल नहीं करना चाहते थे। और मैं कहूंगा कि यह एक गलती थी। जी-7 समिट का पहला सेशन खत्म होने के बाद लीडर्स ने द्विपक्षीय मुलाकात की। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ बैठक की। दोनों कुछ देर के लिए मीडिया के सामने आए, लेकिन पत्रकारों से बात नहीं की।

## जयशंकर ने यूएई के डिप्टी पीएम व आर्मेनिया के विदेश मंत्री से की बात

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने सोमवार को पश्चिम एशिया की मौजूदा स्थिति को देखते हुए यूएई के डिप्टह पीएम एवं विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नहयान से बात की।



विदेश मंत्री ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर कहा कि पश्चिम एशिया की वर्तमान स्थिति और कूटनीति की भूमिका पर संयुक्त अरब अमीरात के उप पीएम एवं विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नहयान से फोन पर बात की। जयशंकर ने एक अन्य पोस्ट में बताया कि आर्मेनिया के विदेश मंत्री अरारत मिर्जोयान से भी क्षेत्रीय घटनाओं और हमारे घनिष्ठ सहयोग पर चर्चा की। बता दें, पश्चिम एशिया में वर्तमान स्थिति अत्यंत तनावपूर्ण और अस्थिर है, जो मुख्य रूप से इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते सैन्य संघर्ष के कारण है। यह क्षेत्र पहले से ही लेबनान, गाजा और यमन में चल रहे संघर्षों से प्रभावित था, लेकिन हाल में इजराइल-ईरान तनाव ने स्थिति को और जटिल कर दिया है।

घुटनों पर आया बेबस पाकिस्तान

# भारत से बातचीत के लिए गिड़गिड़ाया अब बिलावल बोले- युद्ध नहीं समाधान चाहिए

एजेंसी ⏭ इस्लामाबाद

भारत और पाकिस्तान के बीच हालिया तनाव के बीच पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के प्रमुख बिलावल भुट्टो जरदारी ने भारत से एक बार फिर बातचीत शुरू करने की अपील की है। भुट्टो ने अपने ब्रसेल्स यात्रा के दौरान कहा कि पाकिस्तान और भारत के बीच के सभी विवादित मुद्दे सिर्फ व्यापक बातचीत के जरिए ही सुलझ सकते हैं। पूर्व विदेश मंत्री ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अपील की कि वह भारत को बातचीत के लिए तैयार करे ताकि दक्षिण एशिया में स्थायी शांति लाई जा सके। वहीं, पाकिस्तान की गुहार के बावजूद मामले में भारत ने अपना रुख साफ कर दिया है। भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि पाक से सिर्फ



पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) की वापसी और आतंकवाद जैसे मुद्दों पर ही बातचीत संभव है। बता दें कि भारत और पाकिस्तान के बीच 2003 में 'कॉम्पोज़िट डायलॉग' की शुरुआत हुई थी, जिसमें सभी बड़े मुद्दे शामिल थे, लेकिन 2008 के मुंबई हमलों के बाद यह प्रक्रिया रुक गई थी। दूसरी ओर, पाकिस्तान के बलूचिस्तान में विद्रोहियों ने धमाके से रेलवे ट्रैक उड़ा दिया, जिससे रेलवे का सबसे अहम रेल लिंक बाधित हो गया है।

बम धमाके में एक रेलवे कर्मचारी घायल हुआ है। धमाका बलूचिस्तान के अब ए गम इलाके में हुआ। जिस रेलवे लाइन को तबाह किया गया, वह दक्षिणी पाकिस्तान को सेंट्रल पाकिस्तान से जोड़ती है।

## स्वदेशी रूप से डिजाइन जहाज 'अचल' लॉन्च



**पणजी।** भारतीय तटरक्षक बल के लिए गोवा शिपयार्ड लिमिटेड में 60 फीसदी स्वदेशी सामग्री के साथ तैयार जहाज 'अचल' सोमवार को लॉन्च किया गया। पश्चिमी समुद्र तट के तटरक्षक कमांडर अनिल कुमार हरबोला की पत्नी कविता हरबोला ने 'अथर्ववेद' के मंत्रों के साथ जहाज का नामकरण किया। लॉन्चिंग समारोह में गोवा शिपयार्ड लिमिटेड (जीएसएल) के सीएमडी बृजेश कुमार उपाध्याय ने शिपयार्ड और विभिन्न उद्योगों के प्रयासों की सराहना की। जहाज की लंबाई 52 मीटर, चौड़ाई 8 मीटर, अधिकतम गति 27 नॉट्स, सीपीपी आधारित प्रणोदन प्रणाली और 320 टन का विस्थापन है। उन्नत फास्ट पैट्रोल पोत भारतीय तटरक्षक बल को अपतटीय संपत्तियों और द्वीप क्षेत्रों की रक्षा करने में मदद करेगा। प्राथमिक भूमिका सुरक्षा, निगरानी, नियंत्रण और निगरानी होगी।

भारत समेत 24 देशों की सेना कर रही हैं सैन्य अभ्यास 'ख़ान क्वेस्ट'

# विभिन्न देशों के साथ भारत के रणनीतिक संबंध होंगे मजबूत

एजेंसी ⏭ उलानबटार

भारत और अमेरिका समेत 24 देशों की सेनाएं एक महत्वपूर्ण बहुराष्ट्रीय शांति स्थापना का सैन्य अभ्यास 'ख़ान क्वेस्ट' कर रही हैं। यह अभ्यास मंगोलिया के फाइव हिल्स ट्रेनिंग एरिया में चल रहा है। अमेरिकी इंडो-पैसिफिक कमांड के साथ साझेदारी में यह अभ्यास शांति स्थापना में सैन्य कौशल को निखारने के लिए 24 देशों की सैन्य टुकड़ियों को एक साथ लाया है। इस मल्टीनेशनल संयुक्त सैन्य अभ्यास में भारत व अन्य देशों की सेनाएं महत्वपूर्ण अभ्यास कर रही हैं। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक 'खान क्वेस्ट' सैन्य अभ्यास 28 जून 2025 तक चलेगा। इसका उद्देश्य विभिन्न देशों के बीच सैन्य सहयोग को बढ़ावा देना है। इसके अलावा यह अभ्यास इन 24 देशों को आपस में सीखने की प्रक्रिया के बारे में प्रोत्साहित करता है और बहुराष्ट्रीय समन्वय को मजबूती दे रहा है। इस अभ्यास के दौरान संघर्षग्रस्त क्षेत्रों में कार्य संचालन और मानवीय राहत अभियानों का अभ्यास किया जा रहा है। संघर्षग्रस्त क्षेत्रों में सिविल-मिलिट्री समन्वय जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ये सभी प्रशिक्षण गतिविधियां संयुक्त राष्ट्र शांति मिशनों के नियमों के तहत की जा रही हैं।

मंगोलिया के फाइव हिल्स ट्रेनिंग एरिया में चल रहा है अभ्यास

*संघर्षग्रस्त क्षेत्रों में सिविल-मिलिट्री समन्वय पर हो रहा प्रशिक्षण*

### द्विपक्षीय सैन्य समझौतों को मिलेगी और मजबूती




*सेना का मानना है कि इस अभियान में भारत की सहभागिता उसके यूएन शांति रक्षा के समृद्ध अनुभव को दर्शाती है। वहीं, मंगोलिया के साथ भारत के रणनीतिक संबंधों को भी यह अभ्यास मजबूत कर रहा है। यह अभ्यास हाल ही में मंगोलिया में संपन्न हुए 'नोमैडिक एलीफैंट 2025' अभ्यास की सफलता पर आधारित है। नोमैडिक एलीफैंट से द्विपक्षीय सैन्य संबंधों को और मजबूती मिली है। अभ्यास के दौरान भारतीय सैन्य दल विश्व के अन्य देशों की सेनाओं के साथ यथार्थ-आधारित परिदृश्यों में प्रशिक्षण कर रहा है। इससे न केवल विभिन्न देशों के बीच सामरिक समन्वय मजबूत होगा, बल्कि आपसी विश्वास, मित्रता और साझी प्रतिबद्धता की भावना को भी बल मिलेगा।*




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25